


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938

नई सोच नई पहल

ग्वालियर: वर्ष: 3 : अंक: 278 | ग्वालियर, शनिवार, 29 जुलाई 2023 | पृष्ठ: 8 मूल्य: 2 रुपए




# बिना वीजा-पासपोर्ट के जयपुर एयरपोर्ट पहुंची पाकिस्तानी युवती तो पुलिस ने रोका

**जयपुर।** राजस्थान से एक बड़ी खबर सामने आ रही है. एक पाकिस्तानी युवती शुक्रवार अपने वतन जाने के लिए जयपुर एयरपोर्ट पहुंची तो पुलिस ने उसे रोक दिया. उसके पास न तो वीजा है और न ही पासपोर्ट... पुलिस ने पाक युवती को हिरासत में ले लिया है. साथ ही युवती को एयरपोर्ट छोड़ने आए दो युवक भी पकड़ गए हैं. पुलिस उनके पूछताछ कर रही है. इस सूचना मिलते ही आईबी की टीम भी एयरपोर्ट थाने पहुंच गई और अब वह सबसे पूछताछ करेगी. पाकिस्तान की युवती तीन साल पहले राजस्थान आई थी. वह सीकर के श्रीमाधोपुर में अपनी बुआ के साथ रह रही थी. उसका शुक्रवार को अपनी बुआ से झगड़ा हो गया तो वह अपने देश पाकिस्तान जाने के लिए एयरपोर्ट पहुंच गई. युवती को वीजा और पासपोर्ट के बारे में कोई जानकारी नहीं है. इसके बाद एयरपोर्ट सिक्योरिटी ने एयरपोर्ट थाना पुलिस से संपर्क किया और युवकी के बारे में जानकारी दी.



यह युवती पाकिस्तान के लाहौर की रहने वाली है. युवती ने अपना नाम गजल परवीन बताया है. ये लड़की 16 से 17 साल की उम्र की बताई जा रही है. एयरपोर्ट थाने की पुलिस युवती और युवकों से पूछताछ कर रही है. जयपुर पुलिस विभाग के आलाधिकारी भी एयरपोर्ट पहुंच गए हैं. बस में युवती के साथ आए दो युवकों ने कहा कि वह जयपुर के बारे में नहीं जानती है. युवती ने दोनों युवकों से एयरपोर्ट छोड़ने के लिए कहा था. इस पर दोनों युवक युवती को लेकर एयरपोर्ट आए. युवती ने एयरपोर्ट के अंदर जाने का प्रयास किया तो सिक्योरिटी गार्ड ने उसे रोक दिया. उसके पास किसी प्रकार का कोई भी पहचान पत्र नहीं है, इसलिए पुलिस ने उसे हिरासत में लिया है. अब इंटेलिजेंस ब्यूरो के अधिकारी युवती से पूछताछ करने के लिए एयरपोर्ट थाने पहुंच गए.

## न्यूज ट्रैक

### मणिपुर के दो दिनी दौरे पर रहेगा इंडिया गठबंधन 16 पार्टी के 20 सांसद हालतों का लेंगे जायजा



**नई दिल्ली।** मणिपुर हिंसा की आग अब दिल्ली तक पहुंच गई है. राज्य में 3 मई से कुकी और मैतेई समुदाय के बीच संघर्ष जारी है. इस संघर्ष की आग में कई लोगों के घर और दुकान राख हो गए हैं. इस हिंसा में अबतक 150 लोगों की जान चली गई है. राज्य के हालत का जायजा लेने के लिए इंडिया महागठबंधन का प्रतिनिधिमंडल दो दिवसीय मणिपुर दौरे पर जाएगा. गठबंधन के तहत 16 पार्टी के 20 सांसद शनिवार को सुबह 8.55 बजे फ्लाइट से मणिपुर के लिए रवाना हो जाएंगे. ये नेता पहले पहाड़ी इलाके का दौरा करेंगे और फिर घाटी की वर्तमान स्थिति का जायजा लेंगे. इसके बाद वे राहत शिविर जाएंगे, जहां दोनों समुदाय के लोगों से बातचीत करेंगे. साथ ही उनकी मुलाकात राज्यपाल से होगी. सांसदों का प्रतिनिधिमंडल दो दिन यानी 29 और 30 जुलाई को मणिपुर में रहेंगे. आपको बता दें कि कांग्रेस के नेता राहुल गांधी भी मणिपुर दौरे पर गए थे, लेकिन उनके काफिले को बिष्णुपुर से आगे नहीं जाने दिया गया था. पुलिस ने राहुल गांधी की सुरक्षा को देखते हुए उनके काफिले को रोकने का फैसला किया था. इसके बाद वे राजधानी इंफाल लौट आए थे, जहां उन्होंने राहत शिविरों में मौजूद लोगों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना. इसे लेकर कांग्रेस और बीजेपी के बीच जुबानी वार चला था. दोनों पार्टियों ने एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाए थे.

### इंडोनेशियाई राष्ट्रपति की पत्नी से मिलीं फंग लीयुआन



**बीजिंग।** चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग की पत्नी फंग लीयुआन ने 27 जुलाई को दोपहर के बाद सीछ्वान प्रांत के छंगतू शहर में इंडोनेशियाई राष्ट्रपति जोको विडोडो के साथ 31वें ग्रीष्मकालीन यूनिवर्सियाड के उद्घाटन समारोह में भाग लेने और चीन का दौरा करने के लिए आई इंडोनेशियाई राष्ट्रपति की पत्नी इरियाना से मुलाकात की। फंग लीयुआन ने इरियाना का गर्मजोशी से स्वागत किया। दोनों राष्ट्राध्यक्षों की पत्नियों ने छंगतू की विशिष्ट अमूर्त सांस्कृतिक विरासत हस्तशिल्प की सराहना की। फंग लीयुआन ने इरियाना को चाय कला प्रदर्शन देखने के लिए आमंत्रित किया और इरियाना के साथ चाय पर सौहार्दपूर्ण बातचीत की। फंग लीयुआन ने इरियाना के साथ अपनी कई मुलाकातों को खुशी से याद करते हुए कहा कि चीन और इंडोनेशिया की संस्कृतियां और लोगों के बीच संबंध समान हैं। उन्हें उम्मीद है कि दोनों पक्ष दोस्ती को गहरा और बढ़ाएंगे। इरियाना ने चीन की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और विरासत की सराहना की और कहा कि छंगतू की यात्रा ने चीनी इतिहास और संस्कृति के प्रति उनकी समझ और प्रेम को और गहरा कर दिया है।

### शी चिनफिंग ने छंगतू यूनिवर्सियाड के उद्घाटन की घोषणा की



**बीजिंग।** 31वें ग्रीष्मकालीन यूनिवर्सियाड का उद्घाटन समारोह 28 जुलाई की रात को चीन के सछ्वान प्रांत के छंगतू शहर में आयोजित हुआ। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने उद्घाटन समारोह में भाग लिया। उद्घाटन समारोह के दौरान शी चिनफिंग ने छंगतू यूनिवर्सियाड के उद्घाटन की घोषणा की। बताया जाता है कि इस बार के यूनिवर्सियाड में भाग लेने के लिये कुल 113 देशों और क्षेत्रों ने पंजीकरण किया है। कुल 6500 एथलीट इसमें शामिल होंगे। उनमें पुरुष एथलीटों की संख्या 3512 है, और महिला एथलीटों की संख्या 2988 है। यूनिवर्सियाड में भाग लेने वाले देशों और क्षेत्रों में 35 एशिया से, 36 यूरोप से, 15 अमेरिका से, 24 अफ्रीका से और 3 ओशिनिया से हैं। सभी इवेंटों में ट्रैक और फील्ड, तैराकी, ताइक्वांडो और तलवारबाजी में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की संख्या सबसे अधिक है। टीम स्पर्धाओं में वॉलीबॉल में 28 टीमों, बास्केटबॉल में 27 टीमों और वाटर पोलो में 17 टीमों ने भाग लिया। इस बार के यूनिवर्सियाड में कुल 18 बड़ी इवेंट और 269 छोटी इवेंट के लिए स्पर्धा होगी। तय कार्यक्रम के मुताबिक कल से तीरंदाजी, वॉटर पोलो और बास्केटबॉल की तीन स्पर्धाएं शुरू हो गई हैं। वहीं, 17 इवेंटों ने प्रतियोगिता-पूर्व प्रशिक्षण शुरू कर दिया है। 29 जुलाई से बाकी 15 इवेंट एक के बाद एक शुरू होंगे। 29 तारीख को मार्शल आर्ट, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस और शूटिंग समेत 11 इवेंटों की मैच आयोजित होंगी और 17 स्वर्ण पदक दांव पर होंगे।

## प्रेमिका ने बात करने से किया इनकार तो सिरफिरे ने खौफनाक तरीके से कर डाली हत्या

**नई दिल्ली।** देश की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से दर्दनाक हत्या की एक बड़ी खबर सामने आई है. मालवीय नगर में ऑरबिंदो कॉलेज के पास एक सिरफिरे आशिक ने लोहे रॉड से मारकर अपनी प्रेमिका को मौत के घाट उतार दिया. इस मामले में दिल्ली पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. ये मामला प्रेस प्रसंग का बताया जा रहा है. पुलिस का कहना है कि लड़की ने बात से इनकार कर दिया तो सिफरिफे ने खौफनाक तरीके से अपनी प्रेमिका की हत्या कर दी. साउथ दिल्ली के डीसीपी चंदन चौधरी ने कहा कि हमें सूचना मिली कि दक्षिणी दिल्ली के मालवीय नगर में ऑरबिंदो कॉलेज के पास एक 25 वर्षीय लड़की का शव मिला है. उसके शव के पास एक लोहे की रॉड मिली है. शुरुआती जांच के मुताबिक लग रहा है कि लड़की पर रॉड से हमला किया गया है. उन्होंने कहा कि पूरा मामला मूल रूप से प्रेम प्रसंग और शादी से इनकार का है. डीसीपी चंदन चौधरी ने कहा कि पीड़िता (22 साल) और आरोपी (28 साल) मौसेरा भाई-बहन हैं. लड़का बेरोजगार था, इसलिए मृतक के परिवार ने लड़के को शादी के लिए इनकार कर दिया था. इसके बाद लड़की ने उससे बात करना बंद कर दिया. लड़का मानसिक रूप से परेशान हो गया था, इसलिए आज उसने यह अपराध किया. वह एक डिलीवरी बॉय के रूप में काम करता था और जानता था




कि लड़की कहां कोचिंग जाती है. आरोपी की पहचान इरफान के रूप में हुई है.

दिल्ली महिला आयोग प्रमुख स्वाति मालीवाल ने कहा कि दिल्ली में कानून व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह से चरमरा गई है. आज दो घटनाएं हुईं- डाबरी में एक लड़की को गोली मार दी गई और दूसरी घटना अरबिंदो कॉलेज के पास हुई जहां एक अन्य महिला की लोहे की रॉड से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई. मैं केंद्र सरकार से अपील करती हूं कि दिल्ली में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर एक बैठक बुलाई जाए. डीसीडब्ल्यू इन घटनाओं का संज्ञान ले रहा है और हम इसके लिए नोटिस जारी कर रहे हैं.

## दुनिया में तबाही ला सकता है ये विशाल गड्ढा

**नई दिल्ली।** हमारी धरती पर कई ऐसी रहस्यमयी चीजें हैं जिनके बारे में हम नहीं जानते. पृथ्वी की सतह की बनावट अलग-अलग स्थानों पर अलग-अलग है. कहीं मैदान हैं तो कहीं घाटियां देखने को मिलती हैं. और कहीं-कहीं बर्फ की चोटियां हैं, जो अपने आप में इसे बाकी ग्रहों से बिल्कुल अलग बनाती हैं. इसीलिए पृथ्वी पर जीवन संभव है. लेकिन सवाल ये है कि इस धरती पर जिंदगी कितनी लंबी है? क्या पृथ्वी का विनाश नहीं है। आप सोच रहे होंगे कि हम ऐसा क्यों कह रहे हैं। इसके पीछे अहम वजह एक बड़ा गड्ढा है जो एक दिन धरती के लिए काल बन सकता है. जी हां आपने सही पढ़ा. साइबेरिया में एक बड़ा गड्ढा है. जो दुनिया का सबसे बड़ा क्रेटर है. यानी गड्ढे का आकार बढ़ता जा रहा है. इस गड्ढे का नाम बटागाइका है. हाल ही में 12 जुलाई को साइबेरिया के ड्रोन उड़ाकर इस गड्ढे की तस्वीर ली थी. इस दौरान जानकारी सामने आई कि गड्ढे का आकार बहुत तेजी से बढ़ रहा है. वर्तमान में यह गड्ढा 0.8 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है. यानी इस क्षेत्र में कम से कम 145 फुटबॉल मैदान बन जाएंगे, पहली बार यह गड्ढा 1940 में देखा गया था और तब से यह गड्ढा तेजी से बढ़ता जा रहा है. इस गड्ढे के बारे में वैज्ञानिकों का मानना है कि इस गड्ढे में 1.26 लाख साल पुरानी मिट्टी और बर्फ मौजूद है, जिसका संबंध मध्य प्लीस्टोसीन काल से माना जाता है। वैज्ञानिक इस बदलाव के बारे में गहन शोध कर रहे हैं, उन्हें अब तक यह पता नहीं चल पाया है कि इसका आकार कैसे बढ़ रहा है. यह गड्ढा ऊपर से मछली जैसा दिखता है. यह गड्ढा साइबेरिया के साखा गणराज्य में मौजूद है. एक अध्ययन के मुताबिक, इस गड्ढे से 8 हजार साल पुराना बड़े भैंसे का मांस मिला था. लोगों का अनुमान है कि इस गड्ढे से कई पुराने जीवों और पौधों के अवशेष मिल सकते हैं.




## पांच दिनों बाद कब्र से निकाला गया आवासीय विद्यालय की छात्रा का शव, संदिग्ध स्थितियों में हुई थी मौत

**रांची।** पाकुड़ जिले के लबदा घाटी आवासीय मिशन स्कूल की छात्रा मनीषा मालतो की मौत के पांच दिनों बाद उसका शव शुक्रवार को मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में कब्र से निकाला गया है। स्कूल की दो अन्य छात्राओं का बीते पांच दिनों से हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। स्कूल प्रबंधन का कहना है कि तीनों छात्राएं अचानक बीमार हो गई थीं। इसके बाद उन्हें हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया। दूसरी तरफ छात्राओं के माता-पिता का कहना है कि तीनों किन परिस्थितियों में बीमार हुईं, इसके बारे में उन्हें साफ तौर पर कुछ नहीं बताया गया। उन्होंने स्कूल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप मढ़ा है। तीन छात्राएं आदिम पहाड़िया जनजाति की हैं। इलाज के दौरान बीते 23 जुलाई को 14 वर्षीया छात्रा मनीषा मालतो की मौत हो गई तो उसका शव आनन-फानन एक प्राइवेट गाड़ी से उसके गांव पहुंचा दिया गया। बगैर पोस्टमार्टम उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस



मामले पर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गंभीर सवाल उठाए और जांच की मांग की। इसके बाद मृतका की लाश कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए दुमका मेडिकल कॉलेज भेजी गई है। मृतक मनीषा के पिता मैसा पहाड़िया ने आरोप लगाया कि जब उनकी बेटी का इलाज चल रहा था तब उसे मिलने नहीं दिया गया और 23 जुलाई को उन्हे बेटी का शव सौंप दिया गया। पहाड़िया नेता सिमोन मालतो ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि जब बच्ची की मौत हो गई थी तो बरहेट थाना प्रभारी और रांगा थाना प्रभारी हॉस्पिटल में मौजूद थे, तो क्यों शव का पोस्टमार्टम नही कराया गया। जिन दो अन्य छात्राओं सेविका मालतो और रेबिका मालतो का इलाज चल रहा है, उनकी हालत में अब सुधार बताया जा रहा है। डॉक्टरों का कहना है कि तीनों प्वाइजनिंग की शिकार हुई हैं। संभवतः उन्हें किसी जहरीले जीव ने काटा है। उन्हें एंटी वेनम दिया गया है। एसडीओ हरिवंश पंडित ने कहा कि मृत बच्ची का पोस्टमार्टम नहीं कराना स्कूल प्रबंधन की लापरवाही है। अब उसका शव कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। इससे मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

## रेलवे टिकटों की कालाबाजारी करते हुए बीटेक फाइनल ईयर का स्टूडेंट गिरफ्तार




***ग्रेटर नोएडा।*** *ग्रेटर नोएडा दादरी आरपीएफ ने एक अवैध सॉफ्टवेयर के माध्यम से रेलवे टिकटों की कालाबाजारी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी बीटेक का स्टूडेंट है। वह करीब दो सालों से टिकटों की कालाबाजारी कर रहा था। वह तत्काल टिकटों को 4 से 10 गुने दामों पर बेचा करता था। दरसअल, आरपीएफ दादरी को मुख्यालय प्रयागराज और क्राइम विंग अलीगढ़ से सूचना प्राप्त हुई थी कि एक युवक अवैध सॉफ्टवेयर से रेलवे के टिकटों की कालाबाजारी कर रहा है। सूचना पर आरपीएफ थाना दादरी एवं क्राइम विंग अलीगढ़ ने नोएडा के सेक्टर-73 स्थित सरफाबाद के नयन टेलीकॉम से इंजीनियर नयन आलम को गिरफ्तार किया। आरोपी नयन टेलीकॉम नाम से एक शॉप चलाता था। नयन आलम बीटेक फाइनल ईयर का स्टूडेंट है, जो ग्रेटर नोएडा के एक निजी कॉलेज से पढ़ाई कर रहा है। नयन आलम पर्सनल यूजर आईडी से अवैध सॉफ्टवेयर नेक्सस की मदद से रेलवे की ई-टिकटों का अवैध व्यापार कर रहा था। वह तत्काल और प्रीमियम तत्काल टिकट बनाता था। जिसे रेलवे के मूल्य से चार से दस गुना अधिक दाम लेकर ग्राहकों को बेचा करता था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 31 ई-टिकट बरामद किये हैं। जिनकी कीमत करीब 70 हजार रुपये है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कंप्यूटर समेत अन्य उपकरण, अवैध सॉफ्टवेयर और मोबाइल फोन बरामद किया है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह दो साल से अवैध टिकट बेचकर 15 लाख रुपये कमा चुका है।*

## ब्रिटेन में भारतीय मूल का व्यक्ति ड्रग्स के लिए दोस्त की हत्या का दोषी करार

**लंदन।** भारतीय मूल के एक 27 वर्षीय व्यक्ति को 2019 में अपने पूर्व मित्र की हत्या करने और उसके अधजले हुए शरीर को कालीन में लपेट कर पश्चिमी लंदन में एक उथली कब्र में फेंकने का दोषी ठहराया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। चार साल की लंबी जांच के बाद गुरुवार को ओल्ड बेली में एक मुकदमे के बाद हॉर्ले के अमरज पूनिया को 27 वर्षीय मोहम्मद शाह सुभानी की हत्या का दोषी पाया गया। हत्या में पूनिया के साथी, उनके भाई रानिल पूनिया, मोहनाद रियाद और महमूद इस्माइल को न्याय प्रक्रिया को विकृत करने का दोषी पाया गया। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने एक बयान में कहा कि इन चारों को बाद की तारीख में एक ही अदालत में सजा सुनाई जाएगी। डिटेक्टिव चीफ इंस्पेक्टर विक्की टुनस्टाल ने कहा, अमराज पूनिया एक खतरनाक व्यक्ति है और मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि अब उसे और उसके साथियों को दोषी ठहराए जाने के बाद पश्चिम लंदन की सड़कें कहीं अधिक सुरक्षित हैं। अदालत को बताया गया कि कैसे 7 मई 2019 को हाउंस्लो में एक पारिवारिक प्लंबिंग संस्थान में हत्या को अंजाम दिया गया था। सुभानी को एक स्थानीय ड्रग डीलर ने पांच किलोग्राम भांग की देखभाल करने के लिए कहा था, जिसमें से उसने एक किलोग्राम देखभाल के लिए पूनिया को दे दीं। लेकिन पूनिया ने 5,000 पाउंड मूल्य का ड्रग्स चोरी कर लिया जिससे सुभानी कर्ज में डूब गया। इस कारण दोनों दोस्तों के बीच दुश्मनी हो गई। पूनिया और सुभानी पुनिया के पारिवारिक प्लंबिंग संस्थान में 7 मई 2019 को मिलने के लिए सहमत हुए। परिसर में प्रवेश करने के कुछ देर बाद ही सुभानी की हत्या कर दी गयी। अगले दिन, पूनिया ने अपने भाई रानिल के साथ सुभानी के शव को एक वाहन के पीछे रख दिया। पुलिस ने कहा कि हत्या करने और उसके शव को परिसर से हटाने के बावजूद, पूनिया उसी शाम सुभानी के घर गया और उसके परिवार की चिंताओं को साझा करने का नाटक किया। सुभानी के शव को हाउंस्लो के भीतर एक अज्ञात स्थान पर एक कार की डिक्की में रखा गया था।

# शिवपुरी पुलिस की नाबालिक वालक/वालिकाओं की दस्तयावी की कार्यवाही जारी

## पुलिस थाना खनियाधाना ने नाबालिग बालिका को गुम होने के चार दिन मे किया दस्तयाब

**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह द्वारा गुम नाबालिक बालक बालिकाओं की दस्तयावी हेतु अभियान चलाकर दस्तयावी करने के निर्देश दिये गये हैं । अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया एवं एसडीओपी पिछोर श्री प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन मे पुलिस थाना खनियाधाना द्वारा बिना बताये गुम हुयी नाबालिक बालिका को गुम होने के चार दिने के भीतर दस्तयाव किया है । दिनांक 24.07.20232 को फरियादी महेश पुत्र श्री पूनम चन्द्र सैन उम्र 45 साल निवासी किले के पीछे खनियाधाना ने अपनी पुत्री कल्पना सैन (बदला हुआ नाम) उम्र 15 साल को अभिषेक लोधी निवासी कछौआ थाना पिछोर के द्वारा बहला फुसलाकर भगा कर ले जाने की रिपोर्ट की थी रिपोर्ट पर से थाना खनियाधाना मे अपराध धारा 363 ताहि. का कायम कर जांच मे लिया गया। पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह द्वारा अपहृत बालिका को अतिशीघ्र दस्तयाब करने हेतु आदेशित किया गया था। उक्त आदेश के पालन मे अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया एस.डी.ओ.पी पिछोर श्री प्रशांत के मार्गदर्शन में आपरेशन मुस्कान के तहत उनि अरबिंद सिंह चौहान थाना प्रभारी थाना खनियाधाना द्वारा टीम गठित कर घटना दिनांक से ही अपहृत बालिका की पतारसी की जा रही थी, आज दिनांक 28.07.2023 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि रेड्डी चौराहा खनियाधाना पर एक लड़की काफी देर से कहीं जाने के लिये खडी है, सूचना पर से उनि अरबिंद सिंह चौहान, सउनि प्रकाश कौरव, आर. 671 रवि वाथम, म.आर. 572 विशाखा शिंदे मय फरियादी महेश सैन के मुखबिर के बताये पते पर पहुंचे तो अपहृता की हुलिया की एक लडकी खडी दिखी जिसे फरियादी महेश सैन ने पहचान लिया, अपहृत बालिका को रेड्डी चौराहा पर दस्तयाब किया गया । उक्त कार्यवाही मे उनि अरबिंद सिंह चौहान, सउनि प्रकाश कौरव, आर. 671 रवि वाथम, म.आर. 572 विशाखा शिंदे की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

## गुना एसपी द्वारा ऑपरेशन अरुणिमा जागरूकता अभियान चलाया जाएगा

**रिपोर्टर - प्रतीश अग्रवाल**
**पुष्पांजलि टुडे**



**गुना।** एसपी द्वारा ऑपरेशन अरुणिमा जागरूकता अभियान नाबालिक बच्चियों को साइबर बुलीइंग से जागरूक करने हेतु गुना पुलिस आपरेशन अरुणिमा चलाकरकोचिंग संस्थानों की स्कूल कॉलेज में जागरूकता अभियान के द्वारा नाबालिक बच्चियों को इंटरनेट और सोशल मीडिया के संभावित खतरो के प्रति जागरूक करते हुए बचाव के उपाय भी बताए जाएंगे। एसपी राजीव कुमार के अनुसार उनके जहन में यह प्रश्न आता था।आजकल साइबर अपराध और साइबर बुलिंग मैं बच्चियां फस रही हैं साइबर के जरिए झांसा देकर दुष्कर्म जैसी घटनाएं घट रही है ऐसे मामले लगातार सामने आ रहे हैं इंटरनेट के पढ़ाई की जगह युवा पीढ़ी दूसरी चीजों में बस रही है खासकर नाबालिग बच्चियां उन्हीं के लिए ऑपरेशन अरुणिमा के नाम से लांच किया गया है। ऑपरेशन अरुणिमा के तहत गर्ल्स हॉस्टल कोचिंग सहित ऐसी जगहों को यहां बच्चियों का ज्यादा आना जाना होता है बैठक लेने के बाद के लिए जागरूक किया जाएगा के जाल में फस कर किसी के बहकावे में ना आए जिससे उन्हें कोई ब्लैकमेल कर दुष्कर्म जैसी घटनाएं घट रही है यह बेहद चिंतनीय है अपने आसपास के बच्चों को भी जागरूक करें राजीव कुमार के अनुसार इस अभियान के तहत इन्हीं सब मुद्दो पर आपरेशन अरूणिमा चलाया जायेगा।

## वार्ड क्रमांक 15 कमेटी हॉल वाली गली में भरा पानी

**पुष्पांजलि टुडे**
**योगेश शर्मा चाचौड़ा**





वार्ड क्रमांक 15 कम्युनिटी हॉल वाली गली में भर रहा है पानी पीना बन के वार्ड क्रमांक 15 में बारिश होने के कारण भर रहा है पानी पार्षद लगा रहे हैं गुहार जिन लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है नाली पर सीएमओ महोदय आकर हटाए अतिक्रमण सीएमओ नहीं है तैयार मौके पर आने को बोल रहे हैं दरोगा को पहुंचाता हूं पार्षद चेतावनी दी कि अगर नहीं किया निराकरण तो चौराहे पर किया जाएगा आगे का पुतला दहन राजनीतिक संरक्षण के चलते हैं देखो नहीं देते आम आदमी की समस्या पर ध्यान पार्षद के अनुसार 45 दिन से लगा रहे हैं गुहार की पानी भर आप की निकासी की उचित करें व्यवस्था नगर परिषद द्वारा नहीं दिया जा रहा ध्यान नगर परिषद अधिकारी एवं कर्मचारी सुनने को तैयार नहीं है पार्षद की समस्या।

## सर्प के काटने से मौत

**संवाददाता प्रदीप जैन (पिंटू)**

रन्नौद थाना के सजाई में सर्प के काटने से नाती की मौत भरोसा पुत्र नंदा जाटव उम्र 60 साल नि. सजाई ने थाना रन्नौद पर सूचना दी कि दिनांक 27/7/23 के सुबह करीब 4 बजे मेरी बहू सरोजबाई के रोने की आवाज आई तब मैने बहू सरोज से पूछा तो बहू सरोज ने मुझे बताया कि रितिक को किसी जहरीले कीडे ने काट लिया है । तब मैने आस पास देखा तो मुझे सर्प घर के अन्दर से निकलता हुआ दिखा । फिर मैने नाती रितिक को देखा तो उसके हाथ के अंगूठा में काटने का निशान था । जिसे ईलाज के लिये सरकारी अस्पताल बदरवास लेकर गये । जहाँ डाक्टर साहब ने रितिक जाटव उम्र 06 साल को देखकर मृत घोषित कर दिया ।

## माधव राष्ट्रीय उद्यान में बाघों को मिला अनुकूल वातावरण

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**



**शिवपुरी।** माधव राष्ट्रीय उद्यान शिवपुरी में माह मार्च 2023 में तीन टाइगर लाए गए हैं, जिन्हें 04 माह से अधिक समय हो गया है। बाघों द्वारा अभी तक वनक्षेत्र को पूर्ण रूप से समझ लिया है एवं उन्हें उनके अनुकूल वातावरण मिल गया है। माधव राष्ट्रीय उद्यान शिवपुरी के उप संचालक ने बताया कि इन चार माह की अवधि में टाइगर द्वारा किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं उत्पन्न की गई है। इससे यह परिलक्षित होता है कि बाघ पार्क के आसपास के क्षेत्र एवं मानवों से उच्चतम सामन्जस्य स्थापित हो गया है। वर्तमान में तीनों बाघों को रेडियो कॉलर पहनाये गये हैं, जिससे लोकेशन ज्ञात होती रहती है तथा तीन टाइगर ट्रेकिंग टीमों द्वारा लगातार उनकी निगरानी रखी जा रही है। बाघों के माधव राष्ट्रीय उद्यान में स्थापित होने से बाघों का कुनबा बढेगा। साथ ही पर्यटन को बढ़ाने के प्रयास भी माधव राष्ट्रीय उद्यान प्रबंधन द्वारा किये जा रहे हैं। इससे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे एवं वन्य प्राणियों के प्रति आमजन को जागरूक करने हेतु जैसे- कार्यशाला, ट्रेनिंग आदि कार्यक्रम भविष्य में प्रस्तावित है तथा सोशल मीडिया के माध्यम से भी वन्य प्राणियों के प्रति आमजन को जागरूक किया जाएगा।

## सभी हेल्थ वेलनेस सेंटर पर हेपेटाइटिस जांच सुविधा: सीएमएचओ

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- लिवर को प्रभावित करने वाले वायरल रोग हेपेटाइटिस में पहला उपचार जानकारी ही बचाव है। हेपेटाइटिस जैसे जानलेवा बीमारी से आमजन को डरने की जरूरत नही है, बल्कि इसके लक्षण और संक्रमित होने के कारणों के बारे में जानना बेहद जरूरी है। यदि इस रोग की समय पर पहचान हो जाए तो रोगी का उपचार संभव है। शिवपुरी जिले के उप स्वास्थ्य केन्द्रों में संचालित हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटरों में हेपेटाइटिस की निशुल्क जांच सुविधा किट के माध्यम से उपलब्ध करा दी गई है।

विश्व हेपेटाइज दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.पवन जैन ने आमजन से से अपील करते हुए कहा है कि हेपेटाइटिस एक वायरल रोग है। यह एक व्यक्ति से दूसरे में हो सकता है। इसलिए इसमें सावधानियां बहुत जरूरी है। इस रोग में लिवर गंभीर रूप से संक्रमित होता है। यदि रोग की समय पर पहचान और उपचार न किया जाए तो रोगी के जीवन पर संकट आ सकता है। यह रोग कई कारणों से हो सकता है। ऑपरेशन के दौरान किसी संक्रमण की चपेट में आने पर, रक्त चढवाने पर, असुरक्षित यौन संपर्क बनाने पर, इंजेक्शन से नशा करने पर, असुरक्षित तरीके से गुदने कराने पर और जेल में उच्च जोखिम व्यवहार करने पर हेपेटाइटिस की चपेट में आ सकते हैं। सीएमएचओ ने कहा कि मध्य प्रदेश के सभी शासकीय अस्पतालों में निशुल्क हेपेटाइटिस की जांच सुविधा उपलब्ध है। यदि किसी को भी पेट से संबंधित कोई परेशानी लंबे समय से है तो उसे




जांच आवश्यक रूप से कराना चाहिए। समय पर पहचान न हो पाने से रोगी को लिवर कैंसर जैसी कई स्वास्थ्य समस्याओं से गुजरना पड़ सकता है। फोन लगाएं और हेपेटाइटिस से ग्रसित होने सहायता पाएं। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा हेपेटाइटिस रोग की विषय में जानकारी देने से लेकर सहयोग के लिए टोल फ्री नम्बर 1800-11-6666 जारी किया है जिसमें फोन लगाकर सहायता प्राप्त की जा सकती है।

## सामाजिक सुरक्षा पेंशन, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन प्राप्त कर रहे हितग्राही समग्र आईडी से केवायसी लिंक कराएं

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** शासन नियमानुसार जिले के समस्त सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्राप्त कर रहे हितग्राही अपने आधारकार्ड को समग्र आईडी से लिंक कराकर ई-केवाईसी कराए। जिससे शासन की योजनाओं से मिलने वाला लाभ संबंधित को निरंतर रूप से मिलता रहे। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत समस्त सामाजिक सुरक्षा पेंशन, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन प्राप्त कर रहे हितग्राहियों से अपील की है कि वे समग्र आईडी से ई-केवाईसी 10 अगस्त तक अनिवार्य रूप से कराए।

## देवेंद्रनगर पुलिस थाना के आरक्षक बने कार्यवाहक प्रधान आरक्षक

**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा**




पन्ना- पुलिस मुख्यालय भोपाल प्रधान आरक्षक के पदों की पूर्ति हेतु से प्रधान आरक्षक कार्यवाहक प्रभार दिए गए जिनमें पुलिस थाना देवेंद्रनगर में पदस्थ आरक्षक 36 रामकरण प्रजापति व आरक्षक 186 बृजेश कुमार बेड़िया को कार्यवाहक प्रधान आरक्षक बनने पर नवागत थाना प्रभारी एमपी दाहिया व स्टाफ द्वारा प्रधान आरक्षक की फित्ती लगाकर कार्यवाहक प्रधान आरक्षक के पद पर प्रभार देकर 27 जुलाई को देवेंद्रनगर थाना में कार्यवाहक पद पर नवीन पदस्थापना हुई दोनों आरक्षकों के प्रधान आरक्षक बनने पर थाना प्रभारी सहित मातहत के स्टाफ व मित्रों ने बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया।

## पुरानी शिवपुरी आयुर्वेदिक हॉस्पिटल के सामने रास्ते पर बारिश के पानी भर जाने से रास्ते पर आने जाने में हो रही थी परेशानी



परेशानी को ध्यान में रख कर शहर काजी वालीउद्दीन सिद्दीकी ने नगरपालिका अध्यक्ष से इस रास्ते को तुरंत दुरुस्त करने की अपील कर कार्य से अवगत कराया। आज 28.07.23 और 29.07.23 के मोहर्रम का त्योहार है जिसमे शहर और बाहर की आवाम यहां आती है और ताज़िए भी यही से निकलते है इसलिए इस रास्ते को तुरन्त सही करवाया जाए। अध्यक्ष महोदया द्वारा इस बात को ध्यान में रख कर तुरंत अपनी नगरपालिका की टीम के साथ अपने सामने रास्ते पर मुरम वा गिट्टी डलवाकर रास्ते को दुरुस्त किया ।अध्यक्ष महोदया की जन सेवा देख कर सभी वार्ड बासियो ने उनकी सराहना की और उनका शुक्रिया अदा किया। हमारे द्वारा अध्यक्ष जी से प्रश्न पूछा गया की आप के द्वारा शहर एवम वार्ड में बारिश से हो रही परेसानियो से निपटने के लिए क्या प्रयास हो रहे है कुछ जगहों पर घरों तक पानी घुस रहा है। अध्यक्ष महोदया ने बताया की हम हर वार्ड में जाकर उन परेसानियों को निपटा रहे है हमारी नगरपालिका टीम काम कर रही है जैसा कि आज हमे देखने को भी मिला है।

## सफल एवं मजबूत लोकतंत्र के लिए अपने मत का प्रयोग जरूर करें: सीईओ गुर्जर




**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रविंद्र कुमार चौधरी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उमराव सिंह मरावी के निर्देश के पालन में आज स्वीप कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत कोटानाका में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कोलारस ऑफीसर सिंह गुर्जर द्वारा युवा मतदाताओं को अपना नाम मतदाता सूची में जु?वाएं जाने हेतु प्रेरित किया गया एवं आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 में सफल एवं मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदाता अपने मत का प्रयोग जरूर करें इसके लिए मतदाताओं को शपथ दिलाई गई। जनपद पंचायत कोलारस अंतर्गत आने वाले ग्राम कोटानाका में पिछली बार विधानसभा निर्वाचन 2018 में मतदान का प्रतिशत लगभग 62 प्रतिशत रहा जो कि जनपद कोलारस में सबसे कम था इसलिए श्री गुर्जर द्वारा मतदाताओं से भय मुक्त होकर शतप्रतिशत मतदान करने की अपील की।

## भारतीय मानक ब्यूरो के अंतर्गत गठित स्टैंडर्ड क्लब द्वारा स्टैण्डर्ड राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। दिनांक 28 जुलाई 2023 को शासकीय पॉलीटेक्निक



महाविद्यालय दमोह में प्राचार्य के मार्गदर्शन में महाविद्यालय में भारतीय मानक ब्यूरो के अंतर्गत गठित स्टैंडर्ड क्लब के द्वारा शीर्षक ÷घरेलू प्रेशर कुकर ÷पर युगल स्टैण्डर्ड राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं को वस्तुओं के बी आई एस मानकीकरण के प्रति जागरूक किया गया।मेंटर ऋषि यादव के नेतृत्व में 16 छात्र छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमे प्रथम स्थान राहुल राज प्रथम खरे, द्वितीय स्थान हर्षदीप सिंह सौरभ मिश्रा , तृतीय स्थान शिवांश असाटी मोहित सेन, चतुर्थ स्थान विदुषी तिवारी अनन्या तिवारी का रहा। इस अवसर पर रिसोर्स सपोर्ट टीम डॉ. प्रणव मिश्रा प्रोफेसर कमला नेहरू कॉलेज उपस्थित रहें। कार्यक्रम में एस एल पटेल एवं बी डी अहिरवाल का विशेष सहयोग रहा।कार्यक्रम के अंत मे ऋषि यादव, मेन्टर द्वारा आभार ज्ञापित किया गया।

## नेशनल हाईवे 130 पर धरना प्रदर्शन के बाद पुलिस प्रशासन ने लिया बड़ा एक्शन आसरा लॉज को किया सील

**संवाददाता हेमचंद नागेश**




गरियाबंद। देवभोग बीते 3 जुलाई को आवाज में हुई गुलाब बीसी की संदिग्ध मौत पर देवभोग पंडरा माली समाज ने जमकर प्रदर्शन किया नेशनल हाईवे 130 पर घंटो जाम लगा दिया इस प्रदर्शन में समर्थन देने भाजपा विधायक भी पहुंचे वहीं एडिशनल एसपी एसडीएम ने भी मोर्चा को संभाला दरअसल पंडारा माली समाज ने आज देवभोग थाना घेराव कर नेशनल हाईवे 130 सी का जाम कर दिया जिससे पुलिस प्रशासन की पसीना छूट गई और पुलिस प्रशासन ने तुरंत एक्शन लेकर आसरा लॉज को सील कर दिया गया है। पुलिस प्रशासन ने पंडरा माली समाज को आश्वासन देते हुए कहा आगे की कार्यवाही जारी है पीएम रिपोर्ट आने पर आरोपियों को हिरासत में लेकर उचित करवाई किया जाएगा।

# गुलाब बीसी हत्याकांड को लेकर पंडरा माली समाज ने 130सी पर किया धरना प्रदर्शन

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

देवभोग-बीते 3 जुलाई को आसरा लॉज में हुई गुलाब की संदिग्ध मौत पर देवभोग पण्डरा माली समाज ने जमकर प्रदर्शन किया।एन एच 130 पर घंटो जाम लगा दिया।पण्डरा माली समाज का आरोप है पुलिस ने जाँच -जाँच के खेल सिवाय कुछ नही किया।वही पुलिस का कहना है मौत के पीए और एफ एस एल रिपोर्ट नही आने के कारण विवेचना में है। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में एक समाज ने मौत को लेकर मोर्चा खोल दिया है. 25 दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं. ऐसे में अब समाज सड़क पर उतर गया है. युवक की संदिग्ध मौत की गुत्थी अब भी राज बनकर दफन है. देवभोग में पंडरा माली समाज ने नेशनल हाइवे जाम कर दिया है. समर्थन देने भाजपा विधायक भी पहुंचे हैं. वहीं एडिशनल एसपी और एसडीएम ने भी मोर्चा संभाला है. बताया जा रहा है कि कांग्रेसी भी समर्थन देने पहुंचे हैं. दरअसल, पंडरामाली समाज ने आज देवभोग थाने का घेराव और नेशनल हाइवे 130 सी जाम कर दिया है. विगत 3 जुलाई को समाज के ही 30 वर्षीय युवक गुलाब बीसी का शव एक लॉज के कमरे में संदिग्ध परिस्थिति में मिली थी. पीड़ित परिजनों ने हत्या का आरोप लगया था. मामले के शुरुआती पीएम रिपोर्ट में मौत हार्ट अटैक से बताए जाने के कारण पुलिस बिसरा रिपोर्ट का इंतजार कर रही है. इधर मामले को लेकर समाज आक्रोश है. समाज के लोग 6 मांगों को लेकर



प्रदर्शन कर रहे हैं. मांग में मृतक परिवार को न्याय दिलाने, नियम विरूद्ध रूम देने के चलते लॉज को सील करने समेत जल्द कार्रवाई करने समेत 6 मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं. विगत 11 जुलाई को ही समाज ने कार्रवाई करने का अल्टीमेटम दे दिया था, लेकिन तकनीकी जांच का हवाला देकर पुलिस अब तक उसमे किसी ठोस नतीजे तक नहीं पहुंच सकी है. प्रदर्शन को रोकने और मामले की निष्पक्षता की पड़ताल करने एडिशनल एसपी देवचरण पटेल मौके पर मौजूद हैं. एसडीओपी अनुज गुप्ता, एसडीएम अर्पिता पाठक ने लॉ एंड आर्डर का मोर्चा संभाले हुए हैं. कोई अप्रिय स्थिति निर्मित न हो उसके लिए चौक से लेकर थाना के मुख्य द्वार में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है. समाज प्रमुख नीलकंठ बीसी ने कहा कि परिवार को न्याय नहीं मिलते तक समाज आर पार की लड़ाई लड़ेगा.

**विधायक भी समर्थन में पहुंचे**-थाने के मुख्य द्वार से लगे नेशनल हाइवे में मौजूद भिड़ का समर्थन देने क्षेत्रीय विधायक डमरू धर पुजारी भी समर्थन देने पहुंचे. भाजपा विधायक ने भी कार्रवाई नहीं करने पर संगठन के साथ मिल कर उग्र प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है.

**कांग्रेस ने भी किया समर्थन**-आंदोलन कर रहे पंडरा माली समाज को समर्थन देने कांग्रेस के जिला अध्यक्ष भावसिह साहू भी मौके पर पहुंच गए. जिला अध्यक्ष स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ स्थल पर पहुंचे, फिर अफसरों से चर्चा कर उचित कार्रवाई करने की मांग की. एडिशनल एसपी ने समाज के प्रतिनिधि मंडल को उचित कार्रवाई के साथ ही दो दिन के भीतर केस से जुड़े सारे तथ्य सामने ले आने का भरोसा दिलाया है. साथ ही कहा कि समाज को समझाइश देने के बाद समाज ने चक्काजाम हटा दिया है.

## ग्राम पंचायत मोहदा के खुर्सीडीह शासकीय प्राथमिक शाला के लिए शिक्षक मांग हेतु ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को सौपा ज्ञापन

**संवाददाता हेमचंद नागेश**



गरियाबंद। धवलपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत-मोहदा के प्राथमिक शाला - खुर्शीडीह के शासकीय प्राथमिक शाला में एक शिक्षक का प्रमोशन हो जाने के कारण स्कूल एक शिक्षकीय के भरोसे चल रहा है बच्चों की पढ़ाई में प्रभावित को देखते हुए ग्रामीणों ने जिला मुख्यालय गरियाबंद पहुंचकर ,कलेक्टर महोदय को शिक्षक की मांग के लिए ज्ञापन सौपा युवा कांग्रेस बिद्रानवागढ विधान सभा महासचिव यशवंत कुमार यादव और युवा कांग्रेस ग्राम अध्यक्ष + पंच मोहदा नुतन मरकाम के नेतृत्व मे ज्ञापन सौपा गया सरपंच ग्राम पंचायत मोहदा महेंद्र नागेश यशवंत कपिल महेंद्र यादव देव दीवान रोहित मरकाम लालसिंह निषाद रुपधर नागेश गजेंद्र नागेश, रेखमल मरकाम भुवनेश्वर कमलेश घासी यादव चिम्मन यादव लुकेश यादव लक्ष्मण नागेश गजराज मरकाम दीपक सिन्हा भोजलाल मरकाम इत्यादी उपस्थित थे।

# लूट का अड्डा बन चुकी है नगर पंचायत मालनपुर : मान सिंह कुशवाहा

## 15 दिन में समाधान नहीं हुआ तो कांग्रेसी करेंगे तालाबंदी

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । जिले की मालनपुर नगर पंचायत की जन समस्याओं को लेकर नगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कृष्णा कुशवाहा के नेतृत्व में एक सैकड़ा से अधिक कांग्रेसी कार्यकर्ता मालनपुर चौराहा से रैली बनाकर नगर परिषद कार्यालय तक पहुंचे इसमें मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा उपस्थित रहे। मालनपुर नगर पंचायत में फैले भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्री कुशवाह ने कहा कि मालनपुर नगर में बैगर टैंकर वितरण किये,फर्जी भुगतान कर दिया गया तथा आमजन नगर पंचायत में बगैर पैसों के कोई भी काम नही करा सकते है,खाद्यान्न पर्चीयो का वितरण हो या अन्य कोई काम,कोई भी काम बिना लेनदेन के संभव नहीं है, मुख्य नगर पंचायत अधिकारी के नाक के नीचे सारे काम हो रहे हैं और वो मूक दर्शक बने हुए हैं। कर्मचारियों द्वारा अपने अपने काम की वसूली के लिए प्राइवेट लोग/गुर्गे लगा रखे हैं,जो निरंतर घूमते रहते है और काम करने के लिए आमजन को स्वयं से मिलने की बात बोलते हैं,इस तरह आमजन की जेब पर डाका डालने का काम मुख्य नगर पंचायत अधिकारी के संरक्षण में हो रहा है।



### ज्ञापन के मुख्य बिंदु

(1) गर्मियों में पानी के टैंकर का टेंडर हुआ लेकिन आवश्यकता न होने के कारण पानी का एक टैंकर भी नगर पंचायत में नही चला फिर भी संपूर्ण पेमेंट कर दिया गया।
( 2) नगर पंचायत में एक लाख रुपए से कम के काम अपने लोगो से कागजों में करा लेते हैं जमीनी हकीकत पर काम नही किए जाते हैं और पेमेंट बराबर निकाला जाता है।
(3) नगर परिषद में कुल कितने कर्मचारी लगे हैं जिसमे मालनपुर में मूल नागरिकों को कितनी नियुक्ति दी गई।
(4)नगर परिषद में छोटे हो या बड़े कोई भी काम बिना पैसे लिए नही किए जाते हैं जांच कर रिश्वत लेने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जाए।(5)नगर परिषद के मूलनिवासियों के जो मकान बने हैं उनको अधिकार पत्र व मकान के नंबर बांटे जाए।(6)नगर परिषद में रोड पर लगने वाले हाट ठेलों से रोड जाम होती है जिससे एक्सीडेंट होते है उनको रोड से हटा कर कही जगह दी जाएं।
(7) नगर परिषद में नियमित चोरियां हो रही है जिसके लिए हर वार्ड में कैमरे लगाए जाए व वार्ड में स्ट्रीट लाइट लगाई जाए। उपरोक्त बिंदुओं पर विचार न होने की स्थिति में सीएमओ का पुतला जलाने का अल्टीमेटम नगर ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष ने दिया।

**टीआई और कांग्रेस जिलाध्यक्ष में हुई तीखी बहस**-नगर पंचायत घेराव कार्यक्रम में जब कांग्रेसी गेट बंद कर करने लगे तभी थाना नगर निरीक्षक बोले अधिकारियों को इस तरीके से बंद करने पर मामला दर्ज कर दूंगा तभी कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्री कुशवाहा ने तीखी बहस करते हुए कहा कि मजदूर,आमजन का वगैर पैसों के कोई काम नगर पंचायत में नहीं होता भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुकी नगर पंचायत में ताला तो डलना ही चाहिए और रही बात एफआईआर की जनता के मुद्दों के लिए हम लोग जेल जाने से भी नहीं डरते मामला गर्मता देख तहसीलदार ने मामले को शांत कराते हुए 15 दिन में समस्याओं को समाधान करने का आश्वासन दिया । नगर निरीक्षक (टीआई ) ने भी ज्ञापन के अनुसार क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने की बात कही । इस मौके पर मालनपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संग्राम सिंह तोमर,गोहद आशीष गुर्जर,केशव देसाई,डॉ धर्मवीर दिनकर,राजेंद्र परिहार,केदार कौशल, राजीव कौशिक,कैलाश माहौर, तिलक सिंह राजोरिया,पप्पू गुर्जर,सेलू सिंगार,सतीश शर्मा, वीरेंद्र बघेल,राम दुलारे,पूरन प्रजापति, शौकत खान,रणवीर कुशवाह,सिंघम कुशवाह,पहलाद कुशवाह, गोविंद कुशवाहा,कल्ली कुशवाह, कुंदन तोमर,परमाल सिंह तोमर, इब्राहिम खान,रामनरेश कुशवाहा,फुल अंदर कुशवाह,हरिओम गब्बर सिंह गुर्जर,धीरज गुर्जर,नीरज गुर्जर,हरेंद्र गुर्जर,महेश कुशवाह,लता कुशवाह, सोनू कुमारी,धोनी कुशवाहा इत्यादि लोग मौजूद रहे।

# आखिर ये 99 परीक्षार्थी कौन है? क्या यह वही है सरकार के चहेते होने के कारण जिन का चयन किया जाना था: संजय श्रीवास्तव

**रायपुर संवाददाता अभ्युदय अवस्थी**

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के सरगुजा संभाग प्रभारी संजय श्रीवास्तव ने पत्रकार वार्ता लेकर आरोप लगाया है कि प्रदेश सरकार के खजाने का जो पैसा बेरोजगार युवाओं के खाते में जाना था वह पूरा पैसा राजीव मितान क्लब के नाम पर सिर्फ कांग्रेस के युवा कार्यकर्ताओं पर लुटाया जा रहा है। यह कांग्रेस का राजनीतिक षड्यंत्र है। शुक्रवार को एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री श्रीवास्तव ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने शासनकाल में युवाओं के साथ बेरोजगारी भत्ता और रोजगार के नाम पर छलावा ही किया। भाजपा सरगुजा संभाग प्रभारी श्री श्रीवास्तव ने कहा कि अब शिक्षक भर्ती में अनियमितता करके प्रदेश के हजारों अभ्यर्थी युवाओं के साथ अन्याय किया है। पीएससी घोटाला,व्यापम, पुलिस भर्ती में अनियमितता जैसे विषयों का जिक्र करते हुए श्री श्रीवास्तव ने शिक्षक भर्ती अनियमितता के संबंध में बताया कि प्रदेश के आदिवासी बहुल बस्तर व सरगुजा संभाग के युवाओं को भर्ती के नियमों की छूट का लाभ नहीं दिया गया आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के लिए 12,489 शिक्षकों की भर्ती के लिए 4 मई 2023 को विज्ञापन निकाला गया। यह विज्ञापन बस्तर व सरगुजा के लिए निकला था और इन भर्ती परीक्षाओं के विषयों को समाप्त कर दिया गया। इस तरह विज्ञान विषय के लिए कला संकाय का अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकता था। श्री श्रीवास्तव ने शासन प्रशासन से जानना चाहा कि कला संकाय से स्नातक या स्नातकोत्तर अभ्यर्थी विज्ञान के विषय किस तरह पढ़ा पाएगा। आश्चर्य है कि जब विज्ञापन जारी हुआ तब इस तरह की कोई व्यवस्था या नियम नहीं था कि विषय की बाध्यता समाप्त कर दी जाए। सरकार इस तरह युवाओं के साथ खेल कर रही है। यह सीधे छत्तीसगढ़ के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। भाजपा सरगुजा संभाग प्रभारी श्री श्रीवास्तव ने कहा कि 12,489 पदों के लिए परीक्षाएं 10 जून को हुई और 2 जुलाई को परीक्षा परिणाम घोषित हुए तब तक विषय वार व्यवस्था थी। लेकिन 6 जुलाई को मंत्रिपरिषद ने विषयवार व्यवस्था को समाप्त करने का निर्णय लिया। ऐसा यह पहली बार हुआ यह निर्णय 11 जुलाई को राजपत्र में प्रकाशित हुआ। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि सरकार को ऐसा कोई निर्णय पहले सबको विश्वास में लेकर करना था, हालांकि देशभर में ऐसी कोई मिसाल देखने को नहीं मिलती। इस तरह भर्ती कभी नहीं हुई। श्री श्रीवास्तव ने प्रदेश सरकार को बेहोशी की हालत में काम करने वाली बताते हुए कहा कि जब यह परीक्षा तब उसमें 1,46,176 परीक्षार्थी उसमें सम्मिलित हुए थे और परिणाम जब घोषित हुए तो यह संख्या 1,46,275 हो गई । 99 अधिक परीक्षार्थियों का



परिणाम घोषित हुआ। आखिर ये 99 परीक्षार्थी कौन है। क्या यह वही है सरकार के चहेते होने के कारण जिन का चयन किया जाना था। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि यह पूरी तरह से भर्ती के नाम पर फर्जीवाड़ा है। भाजपा सरगुजा संभाग प्रभारी श्री श्रीवास्तव ने यह भी बताया कि जब यह परीक्षा होगी तो उसमें जितने प्रश्न पूछे गए थे उसकी तो आंसर शीट घोषित हुई इसमें 15 से 20 प्रश्नों का उत्तर ही गलत पाया। इससे जिस परीक्षार्थी ने प्रश्न पत्र सही हल किया उसे इस आंसर शीट के आधार पर गलत बताकर मूल्यांकन किया गया और परिणाम प्रभावित हुआ। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि जो सरकार युवाओं को अवसर नहीं दे पाई, युवाओं को रोजगार नहीं दे पाई, वह सरकार अब पात्र व योग्य अभ्यर्थियों के साथ मजाक कर रही है। शासन-प्रशासन इन गलतियों की सुनवाई तक नहीं कर रहा है। प्रदेश कांग्रेस ने 2018 में जो षड्यंत्र सत्ता में आने के लिए रचा वह अभी तक जारी है। प्रेस वार्ता में मीडिया सह प्रभारी अनुराग अग्रवाल व अभ्यार्थी भी उपस्थित थे।

# भाजपा महिला मोर्चा ने किया गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू के निवास का घेराव

## आक्रोशित महिलाओं ने किया प्रशासन द्वारा लगाए गए बैरिकेट्स पार, प्रदेश सरकार एक बच्ची की सुरक्षा नहीं कर पा रही है और अपराधियों को संरक्षण दे रही है: शालिनी राजपूत



**ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ अश्वनी अवस्थी**

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत के नेतृत्व में प्रदेश के गृह मंत्री के निवास का घेराव कर जंगी प्रदर्शन किया और सुकमा जिले के पोटा केबिन बालिका छात्रावास में एक 5 वर्षीय बच्ची के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म का क?ा विरोध किया। प्रदर्शनकारी महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए पुलिस ने बेरीकेट्स लगा रखे थे, लेकिन महला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने उन अवरोधों को पार करके मंत्री के निवास का घेराव किया। इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार प्रदेश में बढ़ते अपराध का सबसे बड़ा कारण कांग्रेस है। आज प्रदेश में छोटी छोटी बच्चियां भी सुरक्षित नहीं है। लगातार प्रदेश में दुष्कर्म की घटनाएँ घटित हो रही हैं जिस पर न तो प्रदेश सरकार और न ही उसके मंत्रिमंडल के किसी भी मंत्री की नज़र हैं। महिला मोर्चा प्रभारी सरला कोसरिया ने कहा कि सुकमा जिले के एर्राबोर स्थित बालिका छात्रावास में 5 वर्षीय बच्ची के साथ सामूहिक दुराचार की घटना बताती है कि प्रदेश में महिलाओं को सुरक्षा देने के बजाय अपराधियों को संरक्षण देने का काम प्रदेश की कांग्रेस सरकार कर रही है। श्रीमती राजपूत ने बताया कि जब भाजपा का जांच दल सुकमा के एर्राबोर स्थित बालिका छात्रावास पहुंचा तो पुलिस प्रशासन द्वारा जांच दल को बालिका छात्रावास में अंदर जाने से रोक दिया गया। बाद में जब ग्रामीण आक्रोशित हुए तो कुछ लोगों को ही अंदर जाने के लिए कहा गया। भाजपा जांच दल जब अंदर पहुंचा तो देखा कि बालिका छात्रावास में ना तो सीसीटीवी कैमरा लगे हुए हैं और ना ही वहां पर बालिकाओं के रहने के लिए उचित व्यवस्था है। 450 की क्षमता वाले उस बालिका छात्रावास में एक कमरे में 40 से 50 बच्चियां रह रही हैं। घटना के बाद बच्चियां इतनी डरी हुई थीं कि वह किसी को कुछ कह नहीं पा रही थीं। भाजपा जांच दल जब पीड़ित बच्ची के परिवार वालों से मिला तब पता चला कि यह बात मीडिया में ना फैले, इसी वजह से बच्ची को उनके परिवार वालों को सौंप दिया गया था। श्रीमती राजपूत ने कहा कि जब एक कक्ष में 40 से 50 बच्चियां रह रही थीं तो वहां पर एक महिला शिक्षक की व्यवस्था क्यों नहीं की गई। बालिका छात्रावास में जितने भी कर्मचारी कार्यरत हैं, सभी अंशकालीन कर्मचारी हैं। श्रीमती राजपूत ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस के राज में हर तरफ दुराचार छेड़छाड़ एवं अपहरण की घटना बढ़ी है। रायपुर नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार देश की सबसे भ्रष्ट सरकार है। प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने के बाद महिला अपराध का ग्राफ तेजी से बढ़ा है। प्रदेश उपाध्यक्ष ममता साहू ने कहा आज बस्तर से लेकर सरगुजा तक महिला अपराध की घटना ने प्रदेश को शर्मसार करके रख दिया है। कहीं किसी महिला के साथ दुराचार करके उसे जलाकर मार दिया जाता है, तो कहीं बच्चियों को अपराधी अपनी हवस का शिकार बना रहे हैं। प्रदेश महामंत्री श्रीमती



विभा अवस्थी ने कहा कि अपराधी इतने बेखौफ हो गए हैं कि दुराचार करने के बाद पीड़ित पक्ष को जान से मारने तक की धमकी दे रहे हैं। लेकिन प्रदेश की पुलिस प्रशासन अपराधियों पर कार्रवाई करने के बजाय रिपोर्ट दर्ज करने गए पीड़ित परिवार के ऊपर ही कार्रवाई करने लगता है। भाजपा महिला मोर्चा द्वारा आयोजित घेराव आंदोलन में विभा अवस्थी प्रदेश महामंत्री श्रीमती चन्नी वर्मा, माया बेलचंदन, मिनी पांडे, डॉ. किरण बघेल, कृतिका जैन, शैलेंद्री परगनिया. प्रीति धनिया, हरशीला आशा दुबे, सीमा साहू, सरोज चंद्रवंशी, सुधा साहू, दिव्या कलहारी, स्वीटी कौशिक, सरिता जैन, विजयलक्ष्मी सहित महिला मोर्चा की पदाधिकारी व कार्यकर्ता काफी संख्या में मौजूद रहीं।

## संपादकीय

# ज्ञान से मान

सचमुच यदि मां–बाप ठान लें कि शिक्षा में ही बच्चों का भविष्य निहित है तो समाज की रूढ़ियां व बाधाएं बेमाने हो जाती हैं। खासकर बेटियों की शिक्षा से तो कई पीढ़ियां शिक्षित हो जाती हैं। निस्संदेह, उच्च शिक्षा जहां रोजगार के द्वार खोलती है वहीं व्यक्ति के दृष्टिकोण में व्यापकता लाती है। एक सभ्य व संस्कारित नागरिक बनाती है। हरियाणा में शिक्षा के मामले में बेहद पिछड़े कहे जाने वाले मेवात में रियाज खान की बेटियों ने उच्च शिक्षा हासिल करके ऐसी मिसाल पेश की है जो मेवात ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिये अनुकरणीय है। एक बंद समाज में जहां बेटियों की उच्च शिक्षा को कमोबेश वर्जित सा मान लिया जाता हो, वहां ग्यारह बहनों ने उच्च शिक्षा प्राप्त करके न केवल कई धारणाओं को ध्वस्त किया बल्कि आज आर्थिक रूप से स्वावलंबी भी बनी हैं। महत्वपूर्ण यह भी है कि वे पढ़ाई करने के बाद उन बच्चों को शिक्षित कर रही हैं, जिन्हें पढ़ने–लिखने के पर्याप्त अवसर नहीं मिले। हालांकि, बेटियों को उच्च शिक्षा देकर अपने पैरों पर खड़ा करने का संकल्प लेने वाले पिता रियाज खान इस दुनिया में नहीं हैं लेकिन उनकी प्रगतिशील सोच व शिक्षा के जुनून से बेटियों के परिवार ज्ञान से महक रहे हैं। एक समय था कि उनके जानने वाले लोग व रिश्तेदार ताने देते थे कि बेटियों को ऊंची शिक्षा क्यों दे रहे हो, कल वे अपने ससुराल चली जाएंगी, लेकिन आज वे ही लोग इन बेटियों की कामयाबी से उत्साहित व प्रेरित हैं। ये बेटियां आज आर्किटेक्ट, एमबीए व अन्य स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम पास करके मेवात के इलाके में शिक्षा की अलख जगा रही हैं। इतना ही नहीं, एक दशक पहले पिता के जाने के बाद बड़ी बेटियों ने छोटी बेटियों की पढ़ाई को निरंतर जारी रखा। उनके विवाह आदि में सहयोग करके पिता के दायित्वों का भी निर्वहन किया। जिसके चलते पूरा परिवार शैक्षिक उपलब्धियों की वजह से क्षेत्र के लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है।निस्संदेह, आज के दौर में शिक्षा ही वह अस्त्र है जो लड़कियों की वास्तविक आजादी और स्वावलंबन का मार्ग प्रशस्त करता है। जब वे पढ़–लिखकर अपने पैरों पर खड़ी होती हैं तो ससुराल में उनका सम्मान बढ़ता है। आर्थिक आजादी उन्हें सर्वांगीण विकास की राह दिखाती है। साथ ही समाज में प्रगतिशील सोच को प्रश्रय देती है। एक पढ़े–लिखे व्यक्ति का जीवन व देश के प्रति नजरिया प्रगतिशील हो जाता है। वे अपने नागरिक के रूप में मिले अधिकारों का तो उपयोग करते ही हैं, एक व्यक्ति के रूप में अपने कर्तव्यों के प्रति भी सजग होते हैं। हालिया अध्ययन बताते हैं कि आर्थिक रूप से स्वतंत्र महिलाओं के नागरिक अधिकारों का अतिक्रमण करना कठिन होता है क्योंकि वे अपने अधिकारों के प्रति सजग होती हैं। उच्च शिक्षा से जहां उनमें आत्मविश्वास पैदा होता है, वहीं वे अन्याय के प्रति भी प्रतिकार करने में सक्षम हो जाती हैं। यह आत्मविश्वास उन्हें अभिभावकों द्वारा शिक्षा प्रदान करने के अवसरों से ही संभव है। समाज में धीरे–धीरे बेटियों के प्रति नजरिया बदल रहा है। पहले के मुकाबले जन्म लिंग अनुपात में सुधार तो हुआ है लेकिन इसमें निरंतर वृद्धि के लिये सतत प्रयासों की जरूरत है। जाहिर है एक पढ़ी –लिखी और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर मां ही ससुरालियों के दबाव से मुक्त होकर लड़के–लड़की के भेद से मुक्त हो सकती है। वह अपने बच्चों का लालन–पालन और शिक्षा का दायित्व बेहतर ढंग से कर सकती है। समाज के प्रगतिशील सोच के लोगों का दायित्व है कि जो बच्चे गरीबी व पारिवारिक समस्याओं के चलते पढ़ नहीं पाते हैं, उन्हें पढ़ाई का अवसर उपलब्ध करायें। इस दिशा में जो सरकारी योजनाएं साक्षरता अभियान के लिये लायी गई हैं, उनका क्रियान्वयन भी समाज की जागरूकता से संभव है। निस्संदेह, शिक्षा के लक्ष्य पाना समाज के साझे प्रयासों से ही संभव है। जिसमें जागरूक अभिभावकों की भूमिका महत्पूर्ण हो जाती है। इन स्थितियों में मेवात की बेटियों की कामयाबी हर भारतीय के लिये प्रेरणा की मिसाल है।

# सरकार के दो हैल्थ बिल

**आदित्य नारायण**

*मोदी सरकार ने न केवल पुराने कई कानूनों और नियमों को समाप्त किया है बल्कि कई कानूनों में बदलाव किए गए। नैशनल डैंटल कमीशन बिल 2023 डैंटिस्ट एक्ट को खत्म करने और इसकी जगह एक नया कमीशन बनाने की सिफारिश करता है।*

केन्द्र सरकार ने संसद के मानसून सत्र में हंगामे के बीच सोमवार को दो हैल्थ घबिल नैशनल डैंटल कमीशन बिल और नैशनल नर्सिंग और मिडवाइफरी कमीशन बिल पेश घकिये। डैंटिस्ट एक्ट 1948 में बना था। जबकि नर्सिंग और मिडवाइफरी नियामक 1947 में संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित किया गया एक निकाय है। इन दोनों कानूनों में कई तरह की खामियां और जटिलताएं देखी गई हैं। कानूनों में बदलाव एक लगातार चलने वाली प्रक्रिया है। समय के साथ–साथ कानूनों में सुधार किए जाते रहे हैं। ऐसा जरूरी भी है। मोदी सरकार ने न केवल पुराने कई कानूनों और नियमों को समाप्त किया है बल्कि कई कानूनों में बदलाव किए गए। नैशनल डैंटल कमीशन बिल 2023 डैंटिस्ट एक्ट को खत्म करने और इसकी जगह एक नया कमीशन बनाने की सिफारिश करता है। इस विधेयक के पारित होते ही भारत में लम्बे समय से काम कर रही डैंटल कौंसिल ऑफ इंडिया खत्म हो जाएगी। विधेयक पारित होने से बहुत फायदे होंगे। डैंटल कमीशन की संरचना राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग की तरह होगी। इस बिल का उद्देश्य डैंटल एजुकेशन को किफायती बनाना और ओरल हैल्थकेयर को सुलभ बनाना है। इस बिल का काम डैंटिस्ट्री और डैंटिस्टों के बीच में तालमेल बनाने के साथ ही इन्हें रेगुलेट करने की व्यवस्था करना है। एनडीसी को प्रभावी, कुशल और तुरंत निर्णय लेने के मकसद से बनाया गया है। डैंटल कमीशन 33 सदस्यीय होगा। इसमें 1 चेयरपर्सन, 8 एक्स ऑफिस मेंबर्स और 24 पार्ट टाइम सदस्य होंगे। कमीशन या बोर्ड के सभी सदस्यों का कार्यकाल 4 साल होगा। जबकि डैंटल काउंसिल ऑफ इंडिया में हर राज्य का एक नॉमिनी होता है। स्टेट काउंसिल और विश्वविद्यालयों में भी ऐसा ही होता है। इन नॉमिनीज के अलावा कंेंध्रीय गवर्नर का भी एक नॉमिनी होता है। निजी डैंटल कॉलेजों में 50 फीसदी सीटों पर फीस स्ट्रक्चर को रेगुलेट करने की व्यवस्था की जाएगी। एक्सीडेंट के मामलों में भी डैंटिस्ट्री या डैंटल हैल्थकेयर को तत्काल जोड़ने की प्रकिया पर भी इस बिल में प्रावधान किया गया है। भारत में लोग डैंटिस्ट में करियर बनाने से बचते हैं क्योंकि इस सैक्टर में जॉब के पर्याप्त मौके नहीं हैं। लोग इतना पैसा खर्च करने के बाद 10,000 रुपये से 20,000 रुपये पर काम कर रहे हैं और पास होने के बाद उन्हें कोई नौकरी नहीं मिल रही है। हमारी 95 प्रतिशत आबादी डैंटल समस्याओं से पीड़ित है, बावजूद इसके देश में डैंटिस्टों के लिए बेस्ट ऑप्शन नहीं है। ऐसे में इस बिल के आने से डैंटल एजुकेशन को बढ़ावा मिलेगा।

इसके साथ ही बहुप्रशिक्षित राष्ट्रीय नर्सिंग एवं मिडवाइफरी आयोग विधेयक पेश किया गया। इसे 2020 में भी पेश किया गया।



संसदीय मामलों में अक्सर सदस्यों के बीच बहुत से भिन्न हित शामिल होते हैं जिससे महत्वपूर्ण बिलों के पास होने में देरी होती है। नैशनल मैडिकल कमीशन बिल को भी इस तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ा था, जिसे 2017 में अपनी प्रारम्भिक प्रस्तुति के बाद पारित होने में काफी समय लगा था। राष्ट्रीय नर्सिंग और घ्मिडवाइफरी आयोग घ्विधेयक को भी अपनी यात्रा में ऐसी ही बाधाओं का सामना करना पड़ा है। वर्तमान भारतीय नर्सिंग परिषद जटिल नर्सिंग पारिस्थितिकी तंत्र को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने में विफल है। नर्सिंग शिक्षा और अभ्यास में शामिल विविध हितधारकों और विशिष्ट संस्थाओं को समायोजित करने के लिए राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के समान एक व्यापक ढांचे की स्थापना आवश्यक है। मौजूदा भारतीय नर्सिंग परिषद अधिनियम में नर्स प्रैक्टिशनर्स और नर्सिंग प्रैक्टिस के डॉक्टरों जैसी उभरती नर्सिंग शाखाओं के लिए अभ्यास के दायरे के संबंध में प्रावधानों का अभाव है। डॉक्टर ऑफ नर्सिंग प्रैक्टिस जैसे पायलट कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए, मजबूत निरीक्षण, एक शैक्षिक ढांचा, एक अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मानकीकृत पाठ्यक्रम और अभ्यास का स्पष्ट रूप से परिभाषित दायरा अनिवार्य है।

राष्ट्रीय नर्सिंग और मिडवाइफरी आयोग की स्थापना से नर्सों के लिए अभ्यास का दायरा और बढ़ेगा और नर्सिंग पेशे के कई आयामों में व्यापक सुधारों को बढ़ावा मिलेगा। इस कानून में नर्सिंग पेशे को ऊपर उठाने, शिक्षा और अभ्यास की गुणवत्ता बढ़ाने और स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली में उन्नत नर्सिंग भूमिकाओं को एकीकृत करने की क्षमता है। यह आयोग नर्सिंग शिक्षा को अन्तर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाएगा। यह आयोग एक मजबूत ढांचा तैयार कर सकता है। जो नर्सों, रोगियों और समग्र रूप से स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र को काफी लाभ पहुंचाएगा।

# लोकतांत्रिक व्यवस्था का भविष्य खतरे में

**संजीव ठाकुर**

आज राजनीति का स्तर जिस तीव्रता से स्खलित होते जा रहा है। अब उनसे किसी भी तरह की सांस्कृतिक संस्कारी आचार संहिता का पालन करने की उम्मीद और आशा नहीं की जा सकती है। राजनीति दिशाहीन,सिद्धांत–विहीन हो गई है। पद और सत्ता का लालच लगी है। निश्चित तौर पर लोकतंत्र शर्मिंदा होकर खंडित होने लगा है। संविधान की निर्मात्री सभा के सपने चूर चूर हो रहे हैं यह भारतीय लोकतंत्र के लिए अच्छे दूरगामी परिणामों के संकेत नहीं है। पूर्व राष्ट्रपति एपीजे कलाम जी ने कहा कि लोकतंत्र या प्रजातंत्र शब्द ग्रीक भाषा से अवतरित अंग्रेजी शब्द लिए, जनता द्वारा, शासन है। उन्होंने इस कथन के तर्क में कहा क्योंकि मैं गुलाम नहीं होना चाहता,इसीलिए मुझे शासक भी नहीं होना चाहिए, यही विचार मुझे लोकतंत्र की ओर अग्रेषित करता है। मणिपुर की शर्मनाक हिंसात्मक घटना के बाद सारी की सारी लोकतांत्रिक व्यवस्था चरमरा गई है और समस्त



राजनीतिक पार्टियों का अंतिम लक्ष्य हो गया है। आज जिस तरह से राजनीतिक पार्टियां राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव की सांध्य बेला पर सांसदों की अफरा–तफरी और विधायकों की खरीद–फरोख्त मैं मशगूल हो रही है, जातिवाद अवसरवाद पद लोलुपता सिर चढ़कर बोलने डेमोक्रेसी का हिंदी रूपांतरण है, जिसका सीधा सीधा अर्थ होता है प्रजा अथवा जनता द्वारा परिचालित शासन व्यवस्था। किंतु अमेरिकी पूर्व राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन की परिभाषा सर्वमान्य रूप से प्रचलित है जिसके अनुसार प्रजातंत्र या लोकतंत्र जनता का, जनता के प्रतिमान धारासाही हो गए दूसरी तरफ राजनैतिक हिंसक घटनाओं के पीछे यदि कारण खोजे जाएं तो राजनीतिक पार्टियों के एजेंडा में ही कई कारण मिल जाएंगे। अफगानिस्तान में तालिबानी आतंकवादियों द्वारा कब्जे के बाद वैश्विक अशांति का दौर चल रहा है, रूस यूक्रेन युद्ध औपनिवेशिकवाद तथा विस्तार वादी मंसूबों का परिणाम ही है । इसके अलावा अधिकांश लोकतांत्रिक देश इस अशांति से भयभीत और घबराए हुए और अपनी आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने में लग गए हैं। तालिबान आतंकवादियों द्वारा अफगानिस्तान पर कब्जे से तालिबानी सोच पूरे विश्व में धीरे–धीरे फैलने लगी है। खासकर लोकतांत्रिक देश जहां बोलने, सुनने, कहने और अपनी मनमर्जी करने की आजादी है, वहां लोकतंत्र का फायदा उठाकर कुछ असामाजिक तत्व हिंसा का घिनौना खेल खेलने से नहीं चूक रहे हैं। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर दुर्गा पंडाल पर हमला कर दिया जाता है, यह एक तालिबानी सोच का सबसे बड़ा उदाहरण है। पाकिस्तान में सिखों को चुन–चुन कर मारा जाना भी इसी सोच का परिणाम है। लखीमपुर खीरी में बवाल मचाने वाले अनेक नेता जम्मू कश्मीर में अल्पसंख्यकों के जघन्य हत्याकांड पर अजीब तरीके से चुप हैं और उनकी सहानुभूति के लिए एक शब्द उनके मुंह से नहीं निकल रहे हैं। आज हर व्यक्ति, हर पार्टी, हर समूह के लिए लोकतंत्र के मायने अलग–अलग हैं। जब तक इनका उल्लू सीधा होता रहता है तब तक यह लोकतंत्र की दुहाई देते हैं, इनका स्वार्थ सधने के बाद लोकतंत्र हवा में वाष्पित हो जाता है। भारत जैसे विशाल देश में इसे विश्व में सबसे बड़ा प्रजातांत्रिक लोकतांत्रिक देश के रूप में जाना जाता है, इस देश में जिसकी मूल आत्मा ही प्रजातंत्र, लोकतंत्र है,यही पर यदि लगातार अलोकतांत्रिक घटनाएं होती रहेंगी और अलोकतांत्रिक व्यवहार दर्शित होता रहेगा तो लोकतंत्र की मूल भावना न सिर्फ आहत होगी बल्कि गायब भी होना शुरू हो जाएगी। यहीं से लोकतंत्र के स्खलन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। हम सारी अनुकूल प्रतिकूल परिस्थितियों पर गंभीरता के साथ विचार करें, तो पाएंगे कि प्रजातांत्रिक व्यवस्था में जन्मी समस्याओं के पीछे शासन तंत्र नहीं बल्कि जनता के बड़े वर्ग का नेतृत्व करने वाले समूह इसका जिम्मेदार है। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी ने कहा था कि जो लोग शासन करते हैं उन्हें देखना चाहिए कि लोग साथ प्रशासन पर किस तरह प्रतिक्रिया जाहिर करते हैं, क्योंकि प्रजातंत्र में अंतर मुखिया जनता ही होती है, दूसरी तरफ आम नागरिकों का मार्ग प्रशस्त करते हुए कहा कि कानून का सम्मान किया जाना चाहिए ताकि हमारे लोकतंत्र की बुनियाद एवं उसकी संरचना बरकरार रहे और साथ ही मजबूती के साथ खड़ी रहे। भारत के वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का भी कहना है कि लोकतंत्र में जनमत हमेशा निर्णायक होता है और हमें इसे विनम्रता से स्वीकार करना पड़ेगा। हम सभी देशवासियों को प्रजातंत्र की सफलता हेतु सजग एवं सचेत रहकर अपने अधिकारों का सदुपयोग करते हुए अपने कर्तव्यों का भी पूर्ण निष्ठा से पालन करना होगा। जवाहरलाल नेहरु जी ने भी कहा था कि प्रजातंत्र और समाजवाद लक्ष्य पाने के साधन हैं, स्वयं लक्ष्य नहीं। भारत के संदर्भ में लोकतंत्र है प्रजातंत्र के बारे में यही कहा जा सकता है कि यदि जनता अशिक्षित हो या अधिक समझदार ना हो तब प्रजातंत्र की खामियां सबसे ज्यादा सामने आती है। यदि जनता अति शिक्षित एवं समझदार है तो इसे सर्वोत्तम शासन व्यवस्था कहा जा सकता है क्योंकि किस प्रणाली में जनता को अपनी बात रखने का पूर्ण अधिकार प्राप्त होता है। प्रजातंत्र की सफलता के लिए जनता को सजग एवं सचेत रहकर अपने अधिकारों का सदुपयोग कर अपने कर्तव्यों का भी निष्ठा से पालन करना चाहिए।

# मुखर विपक्षी सांसद निशाने पर

हर मुद्दे पर चर्चा से भागने वाली केन्द्र सरकार लगता है कि आलोचना से बचने के लिये अब तमाम मुखर विपक्षी जन प्रतिनिधियों को देश की सर्वोच्च पंचायत से बाहर का रास्ता दिखाने का तरीका अपना चुकी है। राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता समाप्त करने के बाद सोमवार को आम आदमी पार्टी के संजय सिंह को भी जारी सत्र के शेष समय के लिये राज्यसभा से निलम्बित कर दिया गया। विभिन्न नियमों का हवाला देते हुए चाहे संसद के ऊपरी सदन के सभापति ने उन्हें निलम्बित किया हो, पर यह सच्चाई किसी से छिपी नहीं है कि सरकार के खिलाफ हमलावर होने की कीमत संजय सिंह ने चुकाई है। देखना होगा कि भाजपा सरकार के विरूद्ध बेखौफ बोलकर अपने संसदीय दायित्व का निर्वाह करने वाले अभी और कितने सांसद सरकार की गिलोटिन के नीचे आते हैं। मणिपुर में व्यापक हिंसा और महिलाओं के उत्पीड़न के वीभत्स मामले सामने आने के बाद से ही भाजपा की केन्द्र व मणिपुर दोनों की ही सरकारें बुरी तरह से घिर गयी हैं। बहुसंख्यक मैतेइयों द्वारा कुकी आदिवासियों पर हो रहे भीषण अत्याचार की कहानियां जैसे–जैसे खुल रही हैं, देश में बेचौनी है। दुनिया में भी भारत की साख को बट्टा लगा है। सरकार की छिछालेदार जो हो रही है सो अलग। मणिपुर की हिंसा और खासकर देश में अल्पसंख्यकों पर होने वाली ज्यादतियों एवं धार्मिक आजादी के हनन को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपने पिछले विदेशी दौरों तक में जवाब देना पड़ गया था।



उत्तर–पूर्व के इस राज्य में हो रही हिंसा के तांडव पर मोदी सरकार वैसी ही चुप रह जाती जिस प्रकार वह अपने 9 वर्षों के कार्यकाल में नोटबन्दी, नये नागरिकता कानून, कश्मीर में अनुच्छेद 370 के विलोपन, किसान आंदोलन, राफेल विमान खरीदी, अदानी और मोदी के रिश्तों, देश में बलात्कारों व दलित हत्याओं, मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के उत्पीड़न आदि से संबंधित सवालों पर चुप्पी साधती रही है। मणिपुर के वायरल वीडियो से व्यथित सुप्रीम कोर्ट द्वारा संज्ञान लेकर जब सरकार से जवाब मांगा गया, तो आनन–फानन में मोदी संसद का सत्र प्रारम्भ होने के पहले संसद भवन के बाहर आये। उन्होंने संक्षिप्त उद्बोधन में खुद को क्रोध और पीड़ा में बतलाते हुए किसी भी दोषी को न बख्शने की बात की। मामला संसद में उठना ही था। भाजपा द्वारा स्थापित गलत परम्परा का पालन करते हुए खुद सत्ता दल के सांसदों ने गतिरोध प्रारम्भ कर दिया। हालांकि मामला इतना संवेदनशील था कि प्रधानमंत्री को स्वयं ही संसद में बयान देना चाहिये था क्योंकि दोनों ही जगहों (केन्द्र व मणिपुर राज्य) में उनके ही दल की सरकारें हैं। डबल इंजन की बार–बार दुहाई देने व उसकी आवश्यकता निरूपित करने वाले मोदी व उनकी पार्टी में से कोई भी यह बताने के लिये खड़ा नहीं हुआ कि इन परिस्थितियों का जिम्मेदार कौन है। सदन के बाहर पूर्व मंत्री रविशंकर प्रसाद और एक बार सदन के भीतर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सरकार का बचाव करने की आधी–अधूरी कोशिश की। प्रसाद ने कांग्रेस पर ही चर्चा से भागने व गम्भीर न होने का आरोप लगाया, तो राजनाथ सिंह कहते रहे कि सरकार की ओर से जवाब दिया जायेगा।पिछले हफ्ते के पहले के दो दिन तो हंगामे की भेंट चढ़ ही गये थे, सोमवार को एकजुट विपक्ष ने फिर सरकार पर जमकर धावा बोला। प्रतिपक्ष नियम 267 के तहत लम्बी चर्चा मांग रहा है तो सत्ता पक्ष नियम 176 के अंतर्गत संक्षिप्त चर्चा पर अड़ा है। विपक्षी सदस्यों की मांग है कि प्रधानमंत्री स्वयं बयान दें जबकि सरकार का कहना है कि सरकार की ओर से कोई भी बयान दे सकता है। विपक्ष की मांग को अध्यक्ष ओम बिरला ने यह कहकर खारिज कर दिया कि बयान के लिये किसी को बाध्य नहीं किया जा सकता।। विस्तृत चर्चा की जायज मांग पर विपक्ष के अड़ने और इससे बचने हेतु दोनों सदनों में सत्ता पक्ष के हथकंडों से यह स्थिति उत्पन्न हुई है। राज्यसभा में जब आप के संजय सिंह सदन की वेल में आकर इस मांग को दोहरा रहे थे तभी सदन के नेता व केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने सभापति जगदीप धनखड़ से सत्र की बची अवधि के लिये सिंह को निलम्बित करने की मांग की जिसे उन्होंने तुरंत स्वीकार कर लिया। संजय सिंह सर्वश्रेष्ठ सांसदों में से एक हैं जो अपने अध्ययन व तर्कों से सरकार के खिलाफ बड़े मोर्चे खोलते रहे हैं। अयोध्या में जमीन बिक्री घोटाले से लेकर अदानी मामले तक वे सदन के भीतर–बाहर तूफान खड़ा करते रहे हैं। स्वाभाविक है कि वे सरकार की आंखों की किरकिरी बने हुए हैं। लगता है कि झल्लाई सरकार एक–एक कर सभी मुखर सांसदों को निकाल बाहर करने पर आमादा है ताकि वह निरंकुश शासन चला सके। इसका सभी को विरोध करना चाहिये।

# जवा थाना अंतर्गत चोरों के हौशले बुलंद,थाने से महज 100 मीटर की दूरी पर 4 दुकानों के टूटे ताले

## सितलहा बसुआर रोड के पास अज्ञात चोरों ने बीती रात्रि नगदी सहित लाखों का जेवरात लेकर हुए फरार, जवा थाने में शिकायत हुई दर्ज

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**जिला ब्यूरो चीफ शिवम तिवारी**




रीवा। जवा पुलिस के निष्क्रियता के चलते जवा थाना क्षेत्र अंतर्गत चोरो के हौशले बुलंद है बताया जाता है कि जवा थाना से महज 100 मीटर की दूरी पर दीपांजलि कम्प्यूटर जवा, यादव मेडिकल स्टोर, उमाशंकर द्विवेदी के दुकान और कृष्ण कुमार द्विवेदी के दुकान का 25/07/23 के रात्रि को अज्ञात चोरों ने तालों को तोड़कर चोरी करने का प्रयास किया था लेकिन छुटपुट समान के अलावा बड़े समान ले जाने में कामयाब नही हुए। इसके बाद 26/07/23 को सितलहा निवासी ओंकारनाथ पांडेय के यहा अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर उनके घर से 50 हजार रुपये नगद,5 तोला सोना, 1 तोला सोने का मनचली, 1 तोला का मंगलसूत्र,आधा किलो का छागल,8 तोला और 11 का तोला पायल तथा जमीन की रजिस्ट्री को लेकर फरार हो गए जिसकी शिकायत जवा थाने में दर्ज कराई गई है। अब देखना यही होगा कि क्या जवा पुलिस चोरो को पकड़ने में कामयाब होगी या पहले की भांति मामला ठंडे बस्ते में चला जायेगा। वही लोगो का कहना है कि जवा थाना क्षेत्र अंतर्गत लगातार चोरी की घटनाएं सामने आ रही है लेकिन कार्यवाही नही होने से चोरो के हौशले बुलंद है जब थाने के सामने कई बार चोरो ने चोरी का अंजाम दे चुके है तो अन्यंत्र जगह की क्या बात की जाए। लोगो ने जवा पुलिस के कार्यप्रणाली पर आरोप लगाते हुए कहा कि अपराधियों और चोरो पर कार्यवाही न होना, तथा खुले आम नशा कारोबारियो को छूट देना, चोरी व अपराध का कारण है। जिसके लिए रीवा एसपी को ध्यान देने की जरूरत है ताकि क्षेत्र के लोग अपने आप को सुरक्षित महसूस कर सके।

# अघोषित बिजली कटौती और आम जनमानस की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

## अघोषित बिजली कटौती और मनमाने बिलों को लादने के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**गौरव शर्मा पुष्पांजलि टुडे**

**मुरैना जोरा** /ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जौरा के पूर्व प्रत्याशी पंकज उपाध्याय,के द्वारा अघोषित बिजली कटौती की समस्या को लेकर बढती बिजली दरो को कम करने जैसी मांगो को लेकर गुरुवार को दोपहर 12 बजे ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन महामहिम राज्यपाल के नाम एसडीएम को सौंपा। ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा लगातार बढती महंगाई को रोकने में असफल केंद्र व राज्य की सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर बिजली कार्यालय की घेराबंदी कर तालाबंदी कार्यालय के बाहर जमकर नारेबाजी की और ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर प्रदर्शन कार्यक्रम में मनोज सिंह सोबरन सिंह सिकरवार गुर्जा, जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष सुनील शर्मा जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राकेश यादव, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह सिकरवार चिंटू भैया ,जौरा विधानसभा से कांग्रेस के जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष मानवेंद्र सक्सेना प्रमोद शर्मा, पवन कटारे, आकाश सिकरवार ,धर्मेंद्र श्रीवास,




सिंह सिकरवार राजकुमार शर्मा, दीपक यादव, मोबीन खान, रानू मिश्रा, संजू शर्मा, रानी खान, पार्वती जाटव कलावती, नरेश मुद्गल मुरारीलाल अमर ,सुरेश रावत,दिनेश मोहनिया, शाहबुद्दीन उस्मानी, पवन मोहनपुर, ओमप्रकाश सकलेचा, सुनील अजय सिकरवार, कपिल सिकरौदा, प्रशांत सिकरवार, निक्की सिकरवार, गब्बर, भानु शेरपुर, गौरव तोमर, भारत सिकरवार, संदीप परमार, विवेक जाधव नरेंद्र त्यागी, अभिषेक बनवारी शाक्य, लल्लू सिकरवार आदि कांग्रेसी एवं आमजन उपस्थित रहे।

# पिपलझोपा से नन्हेश्वर कांवड़ यात्रा पहुंची

**खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे**



आज मातृशक्ति कावड़ा यात्रा भगवानपुरा विधानसभा के पिपलझोपा से नन्हेश्वर महादेव मंदिर पहुंची इस अवसर पर बालगंगा में पहुंच कर पुष्प माला से स्वागत किया और फल वितरण किया इस अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला कार्यसमिति सदस्य महेश डावर पटेल, वरिष्ठ नेता छतरसिंह दादा, सासंद प्रतिनिधि रुपेश मालविया,पिपलझोपा सरपंच श्री नाना भाई,विजय जी संजय जी बालु जी गणेश जी।

# गुजरात भाजपा महिला मोर्चा महामंत्री सीमा मोहिले का दो दिवसीय प्रवास 1 अगस्त से

**खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे**




खरगोन। भाजपा महिला मोर्चा गुजरात प्रदेश की महामंत्री व पूर्व विधायक सीमा मोहिले 1 व 2 अगस्त को खरगोन जिले में राष्ट्रीय संगठनात्मक प्रवास पर रहेंगी। भाजपा महिला मोर्चा की खरगोन जिलाध्यक्ष सरिता पाटीदार ने बताया राष्ट्रीय अध्यक्ष वानती श्रीनिवासन के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी 57 जिलों में प्रवासी के रूप में राष्ट्रीय पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य एवं प्रदेश अध्यक्ष बहनें सम्मिलित रहेंगी। इस प्रवास कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश में स्थानीय समस्याओं का आंकलन करने एवं राज्य के विकास को गति देने के उद्देश्य से किया जा रहा है। राष्ट्रीय संगठनात्मक प्रवास के निमित्त गुजरात महिला मोर्चा की महामंत्री व पूर्व विधायक सीमा मोहिले 1 व 2 अगस्त को खरगोन जिले के प्रवास पर रहेंगी। वे जिले की प्रत्येक विधानसभा व मंडलों पर विभिन्न करणीय कार्यों व कार्यक्रमों में सहभागी बनेंगी।

# ग्राम पंचायत परीक्षा में 20 लाख रूपये की लागत से निर्माण कार्यो का भूमिपूजन एवं शिलान्यास किया



मुरैना। विकास पर्व के तहत मुरैना जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत परीक्षा में शुक्रवार को जनप्रतिनिधियों ने 20 लाख रूपये की लागत से निर्माण कार्यो का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। जिसमें 3 लाख रूपये की लागत से सीसी खरंजा हिरदेश के घर से लतीव के घर तक, 5 लाख रूपये की लागत से सीसी खरंजा जगदीश के घर से मंगल के घर तक एवं लतीव के घर से होली के कुआ तक, 12 लाख रूपये की लागत से नाली निर्माण कार्य मैन रोड से परीक्षा तक कार्यो का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। कार्यक्रम में अल्पसंख्यक वित्त विकास निगम के अध्यक्ष रघुराज सिंह कंषाना, पूर्व मंत्री रूस्तम सिंह, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, ग्राम पंचायत के सरपंच, जनपद सीईओ एपी प्रजापति सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

# बार-बार नर तन नहीं: संत रामप्रकाश

**पुष्पाजंली टुडे**




बेंगलुरू - सीरवी समाज कर्नाटक बलेपेट वडेर के तत्वाधान में शुक्रवार को आयोजित चातुर्मास विराजित संत रामप्रकाश ने अपने प्रवचन में कहा की मनुष्य जन्म बार बार मिलने वाला नही है। अनंत जन्मों के बाद यह अवसर मिला इस मनुष्य जन्म अमूल्य हीरा को पाकर मनुष्य को अपना जीवन संवारना चाहिए...रोटी कपड़ा और मकान यह मनुष्य की मूलभूत आवश्यकताएं है। इनकी पूर्ति करते हुए मनुष्य को अपने मनुष्य जन्म के लक्ष्य पर ध्यान देना चाहिए। जीवन में धन के साथ ध्यान का होना भी बहुत जरूरी है अन्यथा ध्यान के बिना धन विनाश का कारण बन जाता है। आज मनुष्य भौतिकता की अंधी दौड़ में अध्यात्म से बहुत दूर चला गया है आज मनुष्य के जीवन में सुविधाएं तो सब है। पर शांति नही है मनुष्य यह भूल गया है । आज के कार्यक्रम में आरती प्रसाद के लाभार्थी अकिक्पेठ शिव महिला मंडल रही । इस कार्यक्रम में बलेबेट वडेर के उपाध्यक्ष अनाराम परिहारिया, सचिव अमराराम चोयल, कोषाध्यक्ष मोतीराम लचेटा सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष कमल किशोर काग, राजपूत समाज के पूर्व सचिव सोहनसिंह राजपूत, जोधपुर स्वीट्स के संस्थापक कमलेश धनाड्या, किशोर गहलोत, भंवरलाल गहलोत, राजूराम बर्फा, रूपाराम मौजूद थे। रविवार की आरती प्रसादी के लाभार्थी श्रीमती सरस्वती, कमलेश, ऋषब धनाड्या परिवार रहेगे। इस मौके पर राजपूत समाज के पदाधिकारियों ने राजपूत समाज भवन में 14 अगस्त को होने जा रही भावगत कथा आयोजन की प्रत्रिका देकर निमंत्रण दिया।

# थाना कोटर पुलिस को मिली बड़ी सफलता जप्त की गयी 196040 रुपये की अवैध 444 बल्क लीटर शराब मय वाहन के

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**

कोटर सतना। श्री आशुतोष गुप्ता पुलिस अधीक्षक महोदय सतना के कुशल निर्देशन एवं ख्याति मिश्रा उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय ) सतना के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी कोटर उनि रवीन्द्र दवेदी के नेतृत्व में मिली कामयाबी थाना कोटर में दिनांक 28.07.2023 को मुखबीर सूचना के आधार पर कोटर पुलिस द्वारा रेड कार्यवाही कर अवैध रूप से शराब परिवहन कर बिकी करने हेतु से आने पर एक बुलेरो में 03 आरोपियो के आधीपत्य से 20 पेटी देशी सफेद मदिरा 08 पेटी देशी अंग्रेजी गोवा विस्की 1 पेटी सी.पी. 04 पेटी सेमाउण्ट बियर 04 पेटी बियर कुल 444 बल्क लीटर कुल कीमती 196040 रूपये की अवैध शराब एवं शराब बिक्री हेतु उपयोग की गयी बुलेरो किमती करीबन 07 लाख रुपये की जप्त कर आरोपीगणों को गिरफ्तार किया जाकर उनके विरुद्ध धारा 34(2) आब. एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया तथा




आरोपीगणों को दिनांक 28.07-29 को माननीय न्यायालय पेश किया गया ।

**अप.क्र. 214/123 धारा 34 (2) म.प्र. आबकारी एक्ट**

1. आशीष कुमार यादव पिता शंम्भू यादव उम्र 46 वर्ष नि. ग्राम फुलवरिया थाना देव जिला औरंगाबाद बिहार
2. अजय सिंह पिता शम्भू सिंह उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम भरथैली थाना औरगाबाद जिला औरगाबाद बिहार
3. मुनेन्द्र रजक पिता प्रेमलाल रजक उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम गोरइया थाना कोटर जिला सतना (म.प्र.)

20 पेटी देशी सफेद मदिरा, 08 पेटी देशी अरोजी गोवा विस्की 1 पेटी सी.पी. ष्ठ्ठुह्लह्द्द 04 पेटी ले माउण्ट बियर 04 पेटी बियर कुल 444 बल्क लीटर कुल कीमती 196040 बुलेरो किमती करीबन 07 लाख रुपये कुल कीमती 896040 रुपये ।

थाना प्रभारी उनि रविन्द्र व्दिवेदी, काउनि बृजेन्द्र सिंह तोमर, प्र.आर. दिलीप तिवारी, देवेन्द्र सिंह बघेल, देवेन्द्र सेन, बीरेन्द्र शुक्ला बाबू सिंह

# ख्वाहिश मरूधर के पाँचवें जन्म दिवस पर पॉच पौधे लगाकर विधालय में जन्म दिवस मनाया

**पुष्पाजंली टुडे**



**पाली।** भाजपा युवा नेता विजय मरूधर के पुत्री ख्वाहिश मरूधर का आज पॉचवा जन्म दिवस के उपलक्ष्य पर सायरा सेन्ट मैथ्यूज़ विधालय में अपने स्कूली मित्रों बच्चों के साथ पॉच पौधे रोपकर जन्म दिवस मनाया । साथ ही पर्यावरण प्रेम का अनोखा उदाहरण पेश किया । खूवाहिश के जन्म दिवस पर श्री मेवाड़ हॉस्पिटल के डायरेक्टर प्रकाश मरूधर जनरल डायरेक्टर मदन चौहान, माता प्रिय मरूधर,पिता विजय मरूधर ने विधालय कि डायरेक्टर मैडम क्रिस्टो मैम व कक्षा के मित्रों के साथ केक काटकर जन्म दिवस मनाया । तत्पश्चात् विधालय प्रांगण में पॉच पौधे लगाकर पॉचवा जन्म दिवस मनाया। साथ ही कम्बोल ग्राम पंचायत के उपसरपंच हरिश मेवाड़ा, भंवरसिंह जी निकोर,राजेन्द्र सिंह राजपुरोहित, भूरिलाल, नर्सिंग ऑफ़िसर महेन्द्र नागदा समाज सेवा पृथ्वीसिंह, रविन्द्रपाल साहू, खम्मानसिंह, जोगेन्द्र प्रजापत, संजू, मोहन उर्दू (चाय) मोहन कलवाना, अंकित कलवाना उपस्थिति रहे ।

# सूरत फोस्टा के नवनिर्वाचित सदस्यों ने डायरेक्टर पद की शपथ के विधि के बाद फोस्टा की जम्बो कार्यकारिणी का हुआ गठन

## रामलाल सोलंकी को उपाध्यक्ष पद किया नियुक्त

**पुष्पाजंली टुडे**




**सूरत।** भारत एवं ऐशिया की सबसे बड़ी होलसेल सम्पूर्ण कपड़ा मार्केट के फेडरेशन ऑफ सुरत टेक्सटाइल ट्रेडर्स एसोसिएशन (फोस्टा ) का संपूर्ण कार्यकारिणी का गठन गुरूवार को हुआ । जिसमें फोस्टा के उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी रामलाल सीरवी मुकेश इंटरनेशनल, आदर्श मार्केट, सूरत मरुधर में गुड़ा केशर सिंह वालों को दी हैं। गुरूवार को गठित कार्यकारिणी में 27 विभिन्न कमेटियों के 27 चेयरमैन की नियुक्ति के साथ ही फोस्टा का जम्बो स्वरूप उभरकर सामने आया था । इस बारे में बताया गया कि लंबे अंतराल के बाद फोस्टा के विधिवत चुनाव संम्पन्न हुए। टीम के सभी सदस्य उत्सहित है। और सूरत कपड़ा मंडी के हित में कार्य करने की दृढ़ ईच्छा है। इसे ध्यान में रखकर ही फोस्टा कार्यकारिणी को वृहद रूप दिया है । इस अवसर पर सूरत सीरवी समाज के सचिव भंवरलाल भायल ने उपाध्यक्ष रामलाल सोलंकी को बहुत बहुत शुभकामनाएं दी। सूरत सीरवी समाज के अध्यक्ष हेमाराम पंवार ने कहा की यह अपने सभी के लिए बहुत गौरव एवम् हर्ष की बात हैं,इनको खूब-खूब हार्दिक बधाई एवं उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी। सीरवी समाज एवं सर्व समाज के अग्रणियों ने बड़ी संख्या में लोगों ने बधाई दी ।

# संत शिरोमणि रविदास स्मारक निर्माण समरसता यात्रा अटेर के उदोतगढ़ से हुआ शुभारंभ

## सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया फूप में चरण पादुका लेकर रैली में हुए शामिल

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की सरकार द्वारा जन अभियान परिषद के सहयोग से निकाली जा रही राष्ट्रीय संत शिरोमणि श्री रविदास स्मारक निर्माण समरसता यात्रा पोरसा से अटेर क्षेत्र की सीमा को उदोतगढ़ मैं अगवानी भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया एवं अटेर के पूर्व विधायक मुन्ना सिंह भदौरिया ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ अगवानी करते हुए के लोग यात्रा का भव्य पूजन करते हुए उनके चरण पादुकाओं का पूजन किया। मध्य प्रदेश सरकार में सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया ने ने फूप मैं यात्रा की अगवानी करते हुए संत रविदास के चरण पादुका ओं को अपने सिर पर रखकर और उनका यह पूजन किया।

डॉ अरविंद सिंह भदौरिया ने नगर परिषद में वार्ड क्रमांक 8 खंडा रोड पर जनसंवाद कार्यक्रम में जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा सागर में संत शिरोमणि रविदास मंदिर निर्माण 100 करोड़ की लागत से प्रारंभ किया जा रहा है इसका भूमि पूजन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जाएगा जिसमें हम सब लोग भी सागर पहुंचकर यात्रा में शामिल हो और सामाजिक समरसता का संदेश जन-जन तक पहुंचा कर रविदास के विचारों को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि यह पार्टी कार्यकर्ताओं को स्वागत की जिम्मेदारी दी गई है,अपने दायित्व के प्रति फूलों से सजे सोकर यात्रा को सफल बनाना है। पार्टी जिलाध्यक्ष श्री नरवरिया ने कहा जिन विकास खंडों में हमारी प्रमुख नदियां हैं जैसे चंबल, जमुना, क्वारी,सिंध,बैसली अनेक नदियों से मिट्टी एवं उसका जल लेकर यात्रा में प्रतिदिन जगतगुरु के जीवन पर आधारित संभाग आयोजन के साथ यात्रा में चल रहे रथ में रखेंगे। ताकि पांचों विधानसभाओं काजल और मिट्टी सागर के मंदिर निर्माण में पहुंच सकें। सहकारिता डॉ भदौरिया ने कहा कि संत रविदास परमहंस थे जिन्होंने



अपनी कसौटी से गंगा को प्रकट करते हुए ईश्वरी भक्ति का प्रमाण दिया हम सब उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाएंगे यह यात्रा सर्व समाज को जोड़कर लोगों में सामाजिक समरसता का संदेश पहुंचा रही है प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने संत रविदास जी का भव्य मंदिर का निर्माण कराने का संकल्प लेकर अनुसूचित जाति समाज के साथ-साथ सर्व समाज में एक सामाजिक समरसता का संदेश जागृत किया है जिसके लिए मैं प्रदेश के मुख्यमंत्री को बहुत-बहुत धन्यवाद ज्ञापित करता हूं।संत रविदास सामाजिक समरसता यात्रा मैं जनसंवाद कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने कहा कि संत रविदास ने अपने व्यक्तित्व और कृतित्व से समाज को नई दिशा देकर शिक्षा के क्षेत्र को भी बढ़ावा दिया है उन्होंने गरीब असहाय के जीवन को बदलने के लिए शिक्षा का भाव जागृत किया और हमारी केंद्र और राज्य सरकार सर्व समाज को साथ लेकर समाज के प्रति जागरूक बनकर विकास जन कल्याण योजनाओं के माध्यम से उन्हें आत्मनिर्भर विकास की दिशा से जोड़ रही है यह यात्रा हम सब को एक नई दिशा देगी और समाज में भाईचारे का संदेश जागृत भी करेगी। समरसता यात्रा का बजरिया, प्रतापपुरा,जोरी कोतवाल, जलपुरा, सुरपुरा, डिड़ी,दीनपुरा में यात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा भी कर यात्रा की अगवानी कर यात्रा में चल रहे संतों का संतों का कुछ पहाड़ पहनाकर स्वागत किया जगह-जगह सर्व समाज लोगों ने पुष्प वर्षा भी की। यात्रा में पूर्व विधायक मध्य प्रदेश बाल विकास निगम के अध्यक्ष दर्जा कैबिनेट मंत्री घनश्याम पिरोनिया,भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी भाजपा जिला मंत्री उपेंद्र राजौरिया, जिला महामंत्री युवा मोर्चा अतिराज नरवरिया, मण्डल अध्यक्ष सन्तोष तोमर, शैलेंद्र पालीवाल, महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सरोज जोशी महिला मोर्चा की जिला मीडिया प्रभारी ज्योति सुदर्शन बौहरे, ज्ञानेश पुरोहित किसान मोर्चा मण्डल अध्यक्ष नंद किशोर भदौरिया, युवा मोर्चा अध्यक्ष ऋषि भदौरिया उदोतगढ़ के जनपद सदस्य रमेश सिंह,रवि भदौरिया ,महिपाल यादव,धर्मेन्द्र मोर्य,शिवम भदौरिया, शिवा भदौरिया,देवेन्द्र भदौरिया लला,राजवीर सिंह गुर्जर सरपंच, सुनील गुर्जर,मान सिंह भदोरिया ,रामकिशोर शर्मा, वीर सिंह गुर्जर ,अजमेर सिंह हाकिम सिंह ,उपसरपंच अरविंद ओझा, नारायण सिंह भदोरिया,गणेश भदोरिया,अखिलेश सिंह भदोरिया, आकाश शर्मा,आलोक सिंह भदोरिया, विकास ओझा,जगदीश ओझा।

## आगामी नेशनल लोक अदालत 9 सितम्बर को

उमाकान्त शर्मा दैनिक पुष्पांजली टुडे




भिण्ड। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के आदेशानुसार 09 सितम्बर 2023 को जिला मुख्यालय भिण्ड एवं न्यायिक तहसील गोहद, लहार, मेहगांव में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उक्त नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य आपराधिक, सिविल, विद्युत अधिनियम, श्रम विधि, मोटर दुर टिना दावा से संबंधित प्रकरण, निगोशिएबल इंस्ट्रूमेन्ट एक्ट के अंतर्गत चेक अनादरण प्रकरण, कुटुम्ब न्यायालय के विभिन्न प्रकार के राजीनामा योग्य प्रकरणों के अतिरिक्त बैंक ऋण वसूली एवं नगर पालिका के जलकर सम्पत्तिकर तथा विद्युत अधिनियम के प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का उभय पक्षों की परस्पर सहमति के आधार पर निराकरण किया जायेगा।

## थाने के पास चोरों ने दिया छिन्नमस्ता मन्दिर में चोरी को अंजाम, पुलिस सोती रही कुम्भकर्णीय नींद

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे



**दबोह।** नगर में चोरिया रुकने का नाम नही ले रही।आये दिन चोर नगर में किसी न किसी मोहल्ले में चोरी को अंजाम दे रहे है पर दबोह पुलिस चैन की नींद सो रही हैं।नगर के बस स्टैंड थाने के पास स्थित प्रसिद्ध छिन्नमस्ता देवी के मंदिर को भी गुरुवार शुक्रवार की रात में चोरों ने चोरी को अंजाम दे दिया।यहां बता दे की यह मंदिर थाने से मात्र बीस कदम की दूरी पर है।मन्दिर के पुजारी कृष्ण दत्त मिश्रा सुबह मन्दिर पर पूजा करने के लिए पहुचे तो उन्होंने मन्दिर के सभी ताले टूटे हुए मिले।पुजारी ने बताया कि चोर मन्दिर की दानपेटी के सारे रुपये ले गए मात्र 1 व 2 के सिक्के छोड़ गए हैं।पुजारी के अनुसार चोर मन्दिर में पीछे के रास्ते का ताला टूटा हुआ मिला है।जिससे अंदाज है कि चोर पीछे के रास्ते से मन्दिर में आये हैं।वही इसके पहले चोरों ने कटरा मोहल्ला में शांति गुप्ता की दुकान के ताले भी तोड़े थे पर रेत का टैक्टर आ जाने से चोर भाग खड़े हुए।वही सूत्रों का कहना है कि गुरुवार शुक्रवार की रात्रि नगर के आबास ग्रह,गायत्री नगर में भी चोरों ने चोरी को अंजाम दिया था पर दबोह पुलिस की गहरी नींद नही टूटी।जिससे नगर में चोर लगातार चोरियों को अंजाम दे रहे है।

## रीवा केन्द्रीय जेल में स्वास्थ्य शिविर संपन्न

दैनिक पुष्पांजलि टुडे
शिवम तिवारी ब्यूरो चीफ रीवा



**रीवा।** विश्व हेपेटाईटिस दिवस के अवसर पर केन्द्रीय जेल में वृहद स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में जिला चिकित्सालय के विशेषज्ञ (नोडल व्हीएचसीपी) डॉ. केके तिवारी, पीजीएमओ, बांडेड चिकित्सा अधिकारी डॉ. निखिल तिवारी, श्री उमेश कुमार प्रजापति, श्री सतीश गुप्ता लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट केके दुबे एवं मनोज शर्मा ने जेल में परिरूद्ध बंदियों को हेपेटाईटिस बीमारी के प्रमुख लक्षणों एवं उसके रोकथाम एवं बीमारी से बचाव के लिए प्रमुख सावधानियां बरतने के सुझाव दिये। केन्द्रीय जेल अधीक्षक श्री सतीश कुमार उपाध्याय ने बताया कि उपरोक्त स्वास्थ्य शिविर में 120 बंदियों की हेपेटाईटिस बी एवं सी की स्क्रीनिंग कर उन्हें लाभांवित किया गया। शिविर में जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्याय, उप जेल अधीक्षक संजीव कुमार गेदल, मेडिकल आफीसर श्याम सिंह कुशवाह, सहायक जेल अधीक्षक तथा विवेक मौर्य सहित कर्मचारी उपस्थित थे।

## जैतवारा मंडल से व्यापारी प्रकोष्ठ के संयोजक सुबोध सोनी को नियुक्त किया

पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी



जैतवारा सतना। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शरद अग्रवाल संभागी संगठन प्रभारी रणवीर सिंह रावत जिला संगठन प्रभारी अभय प्रताप सिंह यादव जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा की सहमति से व्यापारी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक जयप्रकाश गुप्ता मंडल संयोजक की घोषणा की जिसमें जैतवारा मंडल से व्यापारी प्रकोष्ठ के संयोजक सुबोध सोनी को नियुक्त किया गया है सुबोध सोनी के संयोजक बनने से मंडल अध्यक्ष जैतवारा भाजपा मंडल अध्यक्ष जैतवारा संतोष गौतम एवं समस्त भाजपा कार्यकर्ता ने बधाई दिया

# जर्मनी में होने वाले 4 देशों के टूर्नामेंट के लिए 20 सदस्यीय भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम घोषित

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने बुधवार को 20 सदस्यीय भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की घोषणा की जो 18 से 23 अगस्त तक जर्मनी के डसेलडोर्फ में 4 देशों के टूर्नामेंट में भाग लेगी।

भारत टूर्नामेंट में इंग्लैंड, स्पेन और मेजबान जर्मनी के खिलाफ खेलेगा, जो 29 नवंबर से 10 दिसंबर 2023 तक सैंटियागो, चिली में खेले जाने वाले महत्वपूर्ण 2023 महिला एफआईएच हॉकी जूनियर विश्व कप के लिए टीम की तैयारियों का हिस्सा होगा।टीम का नेतृत्व प्रतिभाशाली डिफेंडर प्रीति करेंगी



और कुशल मिडफील्डर रुतुजा दादासो पिसल उपकप्तान होंगी।

दौरे को लेकर भारतीय महिला जूनियर टीम के कोच तुषार खांडकर ने कहा, चार देशों का टूर्नामेंट हमारी टीम के लिए अंतरराष्ट्रीय मंच पर फिर से अपनी योग्यता साबित करने और अभ्यास सत्रों से हमारी सीख को लागू करने का एक शानदार अवसर होगा। इसके अलावा, टूर्नामेंट हमारी रणनीति को सुधारने और दुर्जेय विरोधियों के खिलाफ हमारी क्षमताओं का आकलन करने का एक आदर्श अवसर प्रदान करेगा। यह आयोजन जूनियर विश्व कप के लिए हमारी तैयारियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए, सुधार के क्षेत्रों को इंगित करने के लिए एक महत्वपूर्ण साधन के रूप में काम करेगा। हमारा दृढ़ विश्वास है कि यह टूर्नामेंट हमारे प्रदर्शन को ऊपर उठाएगा और हमें आत्मविश्वास के साथ आने वाली चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बनाएगा।

**भारतीय टीम इस प्रकार है-**

गोलकीपरः माधुरी किंडो, खुशबू।

**डिफेंडर्सः** प्रीति (कप्तान), रोपनी कुमारी, अंजलि बरवा, नीलम, थौनाओजम निरुपमा देवी।

**मिडफील्डरः** रुतुजा दादासो पिसल (उपकप्तान), मंजू चोरसिया, साक्षी राणा, सुजाता कुजूर, भूमिक्षा साहू, ज्योति सिंह, महिमा टेटे, हिना बानो।

**फॉरवर्डः** अन्नू, दीपिका सोरेंग, सुनेलिता टोप्पो, काजल सदाशिव अतपडकर, मुमताज खान।

## जोशुआ दा सिल्वा की मां ने की कोहली की तारीफ, कहा- हर खिलाड़ी को विराट की विनम्रता सीखनी चाहिए

**पोर्ट ऑफ स्पेन।** चाहे मैदान पर हो या बाहर, भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली अपने प्रशंसकों और उनकी प्रशंसा करने वालों का दिल जीतते रहे हैं।हाल ही में कोहली ने वेस्टइंडीज के विकेटकीपर जोशुआ दा सिल्वा के माता-पिता से मुलाकात की। जोशुआ की मां कैरोलिन दा सिल्वा ने कहा कि उनके पास ऐसे मूल्य हैं जिन पर हर मां को गर्व होना चाहिए।

34 वर्षीय कोहली ने पोर्ट ऑफ स्पेन के क्वींस पार्क ओवल में दूसरे टेस्ट में शतक बनाकर अपनी बल्लेबाजी में क्लास दिखाई। भारत ने दो मैचों की सीरीज 1-0 से जीत ली। जोशुआ दा सिल्वा के माता-पिता ने त्रिनिदाद और टोबैगो में विराट कोहली से मुलाकात की। रेवस्पोर्ट्ज़ के मुताबिक, दंपत्ति ने कहा कि उन्हें अब भी यकीन नहीं हो रहा कि ये सब कैसे हुआ। हर खिलाड़ी को विराट कोहली की विनम्रता सीखनी चाहिए। कैरोलिन



ने कहा, उन्होंने बहुत कुछ हासिल किया है और फिर भी उनमें वे मूल्य हैं जो हर माँ अपने बच्चे में चाहती है। वह एक पारिवारिक व्यक्ति और आदर्श पुत्र हैं। उन्होंने का कि वे विराट कोहली से मिलने के बाद अभिभूत हो गए और उनके जीवन की महत्वाकांक्षा है कि उनका बेटा आरसीबी के लिए खेले, जिस टीम के लिए विराट खेलते हैं।

कैरोलिन ने कहा, यह हमारे लिए एक स्वप्निल क्षण होगा, जब जोशुआ आरसीबी के लिए खेलेंगे और यदि यह कभी सच हुआ तो हम उस क्षण को देखने के लिए भारत में होंगे। रेवस्पोर्ट्ज़ से बात करते हुए, कैरोलिन का मानना है कि जोशुआ आईपीएल खेलने से बहुत कुछ सीख सकते हैं। उन्होंने कहा, यह यहां बेहद लोकप्रिय है और इतने सारे वेस्टइंडीज खिलाड़ियों के खेलने के कारण अगर जोशुआ को मौका मिलता है तो यह उनके लिए शानदार होगा। अंत में, जब उनसे पूछा गया कि कोहली से मुलाकात के बाद जोशुआ की क्या प्रतिक्रिया थी, जहां उन्हें हर पल का फिल्मांकन करते देखा गया, तो उन्होंने कहा, वह बहुत रिजर्व रहने वाले व्यक्ति हैं और उन्होंने ज्यादा कुछ नहीं कहा है। लेकिन वह बतौर क्रिकेटर विराट कोहली का बहुत सम्मान करते हैं और यही वह विराट से कह रहे थे कि वह चाहते हैं कि विराट 100 रन बनाएं।

## कोलंबियाई साइकिल चालक मिगुएल एंजेल लोपेज अस्थायी रूप से निलंबित

**आइगल।** इंटरनेशनल साइक्लिंग यूनियन (यूसीआई) ने कोलंबियाई राइडर मिगुएल एंजेल लोपेज को संभावित डोपिंग रोधी नियम के उल्लंघन के लिए अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। यूसीआई ने एक बयान में कहा, लोपेज, जो वर्तमान में कोलंबियाई टीम मेडेलिन-ईपीएम के हैं, को 2022 में गिरो डी' इटालिया से पहले के हफ्तों में प्रतिबंधित पदार्थ के उपयोग और कब्जे के संभावित उल्लंघन के बारे में सूचित किया गया है। विश्व शासी निकाय ने कहा कि उसने 26 जून और 7 जुलाई को अंतरराष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (आईटीए) द्वारा प्रदान की



गई जानकारी की समीक्षा के बाद अंतिम निर्णय आने तक राइडर को अस्थायी रूप से निलंबित करने का निर्णय लिया है। निलंबन के बाद एक बयान में, लोपेज ने कहा कि उन्होंने ऐसे किसी भी आरोप को खारिज कर दिया है जो पेशेवर राइडर के रूप में उनके नाम और सम्मान को नुकसान पहुंचा सकता है, उन्होंने कभी भी किसी भी दवा या डोपिंग के लिए सकारात्मक परीक्षण नहीं किया है। 29 वर्षीय लोपेज ने पहले टूर डी फ्रांस और वुएल्टा ए एस्पाना के चरण जीते हैं और वह टूर डी सुइस और वोल्टा ए कैटालुन्या के पिछले विजेता हैं। उन्होंने हाल ही में कोलंबियाई राष्ट्रीय समय परीक्षण चैंपियनशिप जीती है।

## एआईएफएफ पुरस्कार : राहुल गुप्ता बने सर्वश्रेष्ठ रेफरी, लालियानजुआला छांगटे चुने गए फुटबॉलर ऑफ द ईयर

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने राहुल गुप्ता को 2022-23 सीज़न के लिए सर्वश्रेष्ठ रेफरी और किशन चंद जोशी को सर्वश्रेष्ठ सहायक रेफरी नामित किया। एआईएफएफ ने सीजन के लिए एआईएफएफ पुरस्कारों के हिस्से के रूप में सीजन 2022-2023 के लिए सर्वश्रेष्ठ रेफरी और सहायक रेफरी के पुरस्कारों की घोषणा की। 36 वर्षीय राहुल गुप्ता घरेलू सर्किट के सबसे अनुभवी फुटबॉल रेफरी हैं। कुल मिलाकर, उन्होंने पिछले कुछ सीजन में घरेलू लीग में 30 मैचों में अंपायरिंग की है। अन्य पुरस्कारों में, भारत और मुंबई सिटी एफसी के विंगर लालियानजुआला छांगटे को हाल ही में इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) और राष्ट्रीय टीम के लिए उनके प्रभावशाली प्रदर्शन के आधार पर वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष फुटबॉलर नामित किया गया। बेंगलुरु में वार्षिक आम बैठक के बाद वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मनीषा कल्याण को दिया गया। वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरुष कोच का पुरस्कार भारत के पूर्व खिलाड़ी क्लिफोर्ड मिरांडा को दिया गया, जिन्होंने ओडिशा एफसी को सुपर कप




जीत और एएफसी कप क्वालीफिकेशन भी दिलाया।अंडर-17 टीम की वर्तमान मुख्य कोच, भारत की पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी प्रिया पारथी वलप्पिल को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला कोच का पुरस्कार दिया गया।

## बीसीसीआई ने की अंतरराष्ट्रीय घरेलू सत्र 2023-24 के कार्यक्रम की घोषणा

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने घरेलू सत्र 2023-24 के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। आगामी सीजन में सीनियर पुरुष टीम को कुल 16 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने हैं, जिसमें 5 टेस्ट, 3 वनडे और 8 टी20 अंतरराष्ट्रीय शामिल हैं।

घरेलू सीजन की शुरुआत भारत द्वारा आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप से पहले तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी के साथ होगी। वनडे सीरीज मोहाली, इंदौर और राजकोट में होगी। 50 ओवर के विश्व कप के बाद, भारत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज खेलेगा, जो 23 नवंबर को विजाग में शुरू होगी और 3 दिसंबर को हैदराबाद में समाप्त होगी। नए साल की




शुरुआत में अफगानिस्तान अपने पहले सफेद गेंद वाले द्विपक्षीय दौरे के लिए भारत आएगा। तीन मैचों की टी-20 सीरीज मोहाली और इंदौर में होगी, जबकि फाइनल बेंगलुरु में होगा, जहां अफगानिस्तान ने अपना पहला टेस्ट मैच खेला था। इसके बाद टेस्ट क्रिकेट की कमान संभाली जाएगी क्योंकि भारत 25 जनवरी 2024 से शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए इंग्लैंड की मेजबानी करेगा। रोमांचक टेस्ट श्रृंखला हैदराबाद, विजाग, राजकोट, रांची और धर्मशाला में खेली जाएगी।

## आईसीसी आचार संहिता उल्लंघन मामले में हरमनप्रीत कौर पर लगा दो मैच का प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को गुस्से में स्टंप तोड़ने और अम्पायर से बहस करने के मामले में इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने दोषी पाते हुए उन पर दो मैच का प्रतिबंध लगाया है। ऐसे में वो भारतीय महिला टीम के लिए अगले दो मैच नहीं खेल पाएंगी।

दरअसल, बांग्लादेश के खिलाफ खेले गए तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के तीसरे मुकाबले में गलत आउट दिए जाने पर हरमनप्रीत कौर ने बैट से स्टंप मारा था और फिर अंपायर के फैसले पर नाराजगी जताते हुए उनसे बहस भी की थी। इतना ही नहीं श्रृंखला के समाप्ति पर प्रेजेंटेशन के दौरान ट्रॉफी के साथ टीम फोटो खिंचाते समय उन्होंने बांग्लादेश की कप्तान से अंपायरों को भी बुलाने की बात कही थी। इसी के बाद आईसीसी ने दो अलग-अलग मामलों में हरमनप्रीत को दोषी पाया और उन पर दो मैच का बैन लगाया गया है।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने भारत की महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को आचार संहिता के दो अलग-अलग उल्लंघन के मामले में अगले दो अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए निलंबित किया है। आईसीसी ने एक विज्ञप्ति में कहा, बल्ले से विकेटों पर प्रहार करने पर



हरमन पर लेवल-2 के अपराध के लिए मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। साथ ही उनके अनुशासनात्मक रिकॉर्ड पर तीन डिमेरिट अंक दिए गए। उन्हें 'अंपायर के फैसले पर असहमति दिखाने' से संबंधित आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 का उल्लंघन करने का भी दोषी पाया गया।

वहीं, हरमनप्रीत कौर पर अंतरराष्ट्रीय मैच में हुई एक घटना के संबंध में सार्वजनिक आलोचना से संबंधित लेवल-1 के अपराध के लिए उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना भी लगाया गया। यह मामला तब का है जब दोनों टीमें ट्रॉफी के साथ फोटो के लिए पोज कर रही थीं, उन्होंने खुलेआम अंपायरिंग की आलोचना की। आईसीसी ने अपनी विज्ञप्ति में यह भी कहा कि हरमनप्रीत ने अपराध स्वीकार कर लिया है। जिसके बाद उन पर पूरे मामले में चार डिमेरिट प्वाइंट मिलकर दो निलंबन अंकों में बदल गए, जिससे उन्हें एक टेस्ट मैच या दो वनडे या दो टी-20ई, जो भी टीम के लिए पहले हों से निलंबित कर दिया गया।

# स्पेन ने करीबी मुकाबले में भारतीय पुरुष हॉकी टीम को 2-1 से हराया

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम को बार्सिलोना में 100वीं वर्षगांठ स्पेनिश हॉकी फेडरेशन-अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के अपने शुरुआती मैच में मेजबान स्पेन के हाथों 2-1 हार का सामना करना पड़ा। स्पेन के लिए पाउ क्यूनिल (11फीसदी) और जोकिन मेनिनी (33फीसदी) ने गोल किये, जबकि कप्तान हरमनप्रीत सिंह (59फीसदी) ने भारत के लिए एकमात्र गोल किया।

भारत ने पहले क्वार्टर में जोरदार दबाव के साथ मैच की शुरुआत आक्रामक तरीके से की लेकिन बढ़त लेने में असफल रहा। इस बीच, पहला क्वार्टर आगे बढ़ने के साथ मेजबान स्पेन ने गति पकड़नी शुरू कर दी और इसका फायदा उन्हें तब मिला जब 11वें मिनट में पाउ क्यूनिल (11फीसदी) ने गोल करके मेजबान टीम को आगे कर दिया।



भारत ने दूसरे क्वार्टर में जवाबी हमला करने की कोशिश की, लेकिन स्पेन की रक्षापंक्ति ने बेहतरीन प्रदर्शन कर भारत को कोई मौका नहीं दिया और दूसरा क्वार्टर गोलरहित समाप्त हुआ, मध्यांतर तक स्पेन 1-0 से आगे था। तीसरे क्वार्टर की शुरुआत भारतीय टीम द्वारा आक्रमण करने और बार-बार स्पेन की रक्षापंक्ति का परीक्षण करने के साथ हुई; हालाँकि, मेजबान टीम ने न केवल भारत को रोके रखा, बल्कि जोकिन मेनिनी (33फीसदी) के गोल की बदौलत अपनी बढ़त भी दोगुनी कर दी।दो गोल से पिछड़ने के बाद, भारत ने स्पेन पर लगातार दबाव बनाने के लिए गियर बदला और पेनल्टी कॉर्नर भी जीता, लेकिन इसका फायदा उठाने में असमर्थ रहा। इसके अलावा, स्पेन के गोलकीपर ने तीसरे क्वार्टर के अंत में दूर से भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह के तेजतर्रार शॉट को बचा लिया, जिससे यह सुनिश्चित हो गया कि स्पेन खेल के अंतिम 15 मिनट में दो गोल की बढ़त के साथ प्रवेश करे।

खेल में वापसी करने के अपने प्रयास में, भारत ने चौथे क्वार्टर में जोरदार प्रदर्शन किया और स्कोरिंग के कुछ अच्छे अवसर बनाए, लेकिन फिर भी उन्हें खेल का पहला गोल करने के लिए संघर्ष करना पड़ा। इस बीच, स्पेन ने जवाबी हमला करना शुरू कर दिया और बैक-टू-बैक पेनल्टी कॉर्नर जीते, लेकिन उनमें से किसी को भी गोल में बदलने में असमर्थ रहा।

दूसरी ओर, भारत ने घरेलू टीम की रक्षापंक्ति पर दबाव बनाना जारी रखा, जिसका फायदा तब मिला जब कप्तान हरमनप्रीत सिंह (59फीसदी) ने खेल के अंतिम मिनटों में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर अपनी टीम को खेल में बनाए रखा। हालाँकि, स्पेन ने भारत को एक और गोल करने से रोक दिया और मैच 2-1 से जीत लिया। भारतीय टीम टूर्नामेंट के अपने दूसरे मैच में आज रात नीदरलैंड्स का सामना करेगी।

## डेविड वार्नर ने रिटायरमेंट की अफवाहों पर दिया रिप्लाई, इस टीम के खिलाफ खेंलेंगे अंतिम मैच

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें एशेज टेस्ट से पहले रिटायरमेंट को लेकर उड़ रही अफवाहों का जवाब दिया है। रिपोर्ट्स में ऐसी खबरें सामने आई थी कि वार्नर संभवतः पांचवें और अंतिम एशेज 2023 टेस्ट के बाद टेस्ट क्रिकेट से रिटायर हो जाएंगे जो गुरुवार, 27 जुलाई को ओवल में शुरू होगा। वार्नर ने मीडिया के साथ बात की और अफवाहों पर बात करते हुए कहा, नहीं, मैंने वास्तव में कुछ भी नहीं सुना है। मैंने कुछ भी नहीं देखा। मैं गोल्फ कोर्स पर था। वार्नर से यह भी सवाल किया गया था कि क्या वह उसी के बारे में एक घोषणा करना चाहते हैं। वार्नर ने कहा, नहीं, मेरे पास घोषणा नहीं है। मेरे लिए यह नेट्स में कड़ी मेहनत करने की कोशिश करने के बारे में है, जैसा कि मैंने आज किया था। संभावित रूप से कल बाहर आओ और, अगर चुना जाता है तो वहां जाऊं और खेलूं और कोशिश करूं एशेज श्रृंखला जीतें। डेविड वार्नर ने कहा कि वह वेस्टइंडीज में नहीं खेलेंगे, लेकिन 2024 आईसीसी टी20 विश्व कप में प्रतिस्पर्धा करने की उनकी क्षमता के बारे में आश्वस्त हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि सफेद बॉल क्रिकेट खेलने के लिए किसी को कुछ लाल गेंदों का सामना करना होगा। उन्होंने कहा, निर्भर करता है। देखो मैं कैसे जाता हूं। आप जानते हैं, मैंने इस तथ्य को दिया है कि मैं वेस्टइंडीज में नहीं खेलता, लेकिन अगर मुझे अभी भी लगता है कि मैं गेंद को अच्छी तरह से खेलते और देखने के लिए पात्र हूं, तो कौन जानता है। मैं 2024 विश्व कप में खेल सकता हूं। मैंने हमेशा कहा है, व्हाइट बॉल इंटरनेशनल क्रिकेट के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ होने के लिए आपको अभी भी किसी प्रकार की लाल क्रिकेट बॉल का सामना करना होगा।

## केदारनाथ धाम में ग्लासहाउस में होगी दान राशि की गिनती

**नई दिल्ली।** चारधामों में एक केदारनाथ मंदिर धाम में दानराशि की गिनती में पारदर्शिता के लिए मंदिर परिसर में एक ग्लास हाऊस स्थापित किया गया है।बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के सदस्य और ऊना के उद्योगपति महिंदर शर्मा ने गुरुवार को यहां बताया कि समिति सनातन धर्म के पावन ज्योतिर्लिंग केदारनाथ धाम में श्रद्धालुओं द्वारा दिए गए दान की गिनती में पारदर्शिता लाने के लिए एक ग्लास मन्दिर परिसर में स्थापित कर दिया गया है।उन्होंने बताया कि मुख्य मन्दिर से मात्र 25 मीटर दूरी पर स्थापित किये गए इस ग्लास हाउस में दैनिक आधार पर मंदिर में श्रद्धालुओं के चढ़ावें को गिना जायेगा। इस ग्लास हाउस में चारों ओर सी सी टी वी कमरे लगाए गए हैं जिनके माध्यम से मन्दिर प्रबन्धन और श्रद्धालु दोनों दान में दिए गए रूपये पैसों, सोने चाँदी और बहुमुल्य बस्तुओं की गिनती को देख सकेंगे। उन्होंने कहा कि चढ़ावे की गिनती में पूरी तरह पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी और किसी भी प्रकार की चोरी या गडबडी को पूरी तरह रोका जा सकेगा। यह गिनती ग्लास हाउस में लगे सी सी टी वी कैमरों में रिकॉर्ड की जाएगी।



## केंद्र सरकार सीएम एन. बीरेन सिंह को बर्खास्त करे, मणिपुर में शांति सुनिश्चित करनी चाहिए : राघव चड्ढा

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने मणिपुर में जारी हिंसा को रोकने में विफलता के लिए भाजपा पर हमला बोला। राघव चड्ढा ने अनुच्छेद-355 और 356 का जिक्र करते हुए कहा कि भारतीय संविधान के अनुसार मणिपुर में हस्तक्षेप करना और उसकी रक्षा करना केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने केन्द्र सरकार से एन. बीरेन सिंह सरकार को तुरंत हटाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मणिपुर लगातार अशांति का सामना कर रहा है, जबकि मोदी सरकार शांति बहाल करने के अपने संवैधानिक दायित्वों को पूरा करने में लगातार विफल हो रही है।



गुरुवार को इंडिया गठबंधन से जुड़े सांसद मणिपुर के लोगों पर हो रहे अत्याचारों और क्रूरता की निंदा करने के लिए संसद में काले कपड़े पहनकर पहुंचे। इस मौके पर राघव चड्ढा ने कहा कि संकट के समय में मणिपुर के लोगों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए यह एक प्रतीकात्मक विरोध है। इसका उद्देश्य सरकार को यह बताना है कि मणिपुर के लोगों की पीड़ा पर चुप्पी अस्वीकार्य है। सरकार को हर हाल में निर्णायक कार्रवाई करनी चाहिए। संसद में गुरुवार को विपक्ष के सांसद काले कपड़े पहनकर पहुंचे थे। विपक्षी सांसदों के मुताबिक मणिपुर हिंसा के मुद्दे पर अपना विरोध जताने के लिए उन्होंने यह निर्णय लिया है।

## श्री चन्द्रभूषण प्रसाद ने मुरैना अपर कलेक्टर का पदभार ग्रहण किया




**मुरैना।** संयुक्त कलेक्टर से अपर कलेक्टर के पद पर पदोन्नत होकर मुरैना आये श्री चन्द्रभूषण प्रसाद ने आज अपरान्ह में कलेक्टर कार्यालय मुरैना का अपर कलेक्टर का पदभार ग्रहण कर लिया है।

# थाना सिंहपुर पुलिस की बडी कार्यवाही, हत्या के प्रयास के फरार ईनामी आरोपी को किया गिरफ्तार

## सिंहपुर सतना। श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में एसडीओपी महोदय नागौद के मार्गदर्शन में थाना सिंहपुर पुलिस की कार्यवाही

पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी

दिनांक 08.03.2023 को फरियादी देवकी नंदन तिवारी पिता पंचम लाल तिवारी उम्र 35 वर्ष निवासी करसरा थाना सिंहपुर जिला सतना का रिपोर्ट किया था कि दिनांक 08.03.23 को समय करीबन 06.00 बजे पुराने विवाद को लेकर विद्याधर शुक्ला अपने हाथ में फावडा ,विकाश शुक्ला अपने हाथ में लोहे की राड एवं बृजमोहन शुक्ला अपने हाथ में डंडा लिये आये और मादरचोद बहनचोद की गालियां देने लगे तब मेरे पिताजी पंचमलाल तिवारी बोले कि गाली क्यों दे रहे हो तो विद्याधर शुक्ला मेरे पिताजी के सिर में फावडा मार दिया,जिससे मेरे पिता जी के सिर में चोट लगीं खून निकलने लगा तथा बृजमोहन शुक्ला हाथ मे लिये डंडा से मेरे पिताजी के साथ मारपीट किया जिससे मेरे पिताजी मके मुंह में चोट लगी मुंह में खून निकल रहा था । विकाश शुक्ला अपने हाथ में लिये लोहे की राड से मुझे मारा जिससे मेरे बांये हाथ के पखौरा दाहिने हाथ की कोहनी से कलाई के बीच में सूजन दर्द है ,मौके पर मोहित मिश्रा ,आदर्श सिंह, शिवांस अग्निहोत्री एवं शीलेन्द्र सिंह उर्फ शीलू बीच बचाव करने आये तो मुकेश शुक्ला और रामकलेश शुक्ला भी हाथ में डंडा लेकर आया और मोहित मिश्रा आदर्श सिंह ,शिवांस अग्निहोत्री एवं शीलेन्द्र उर्फ शीलू के साथ मारपीट करने लगे ,फिर गांव के लोगो ने बीच बचाव किया है ,आरोपीगण जाते जाते बोल रहे थे कि आज तो बच गये दुबारा मिले तो जान से खत् मकर देगे । फरियादी की रिपोर्ट पर अप.क्र.71/23 धारा 294,323,324, 506,34 ता.हि. का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया दौरान विवेचना मामले में एक्सरे रिपोर्ट एवं सीटी स्कैन रिपोर्ट तथा डाक्टर की राय एवं जिला अभियोजक की राय से प्रकरण में धारा 325,307 ता.हि. का इजाफा किया गया है । प्रकरण के आरोपीगणों की पता तलास किया जा रहा था जो सकुनत से फरार है जिनकी दस्तयाबी एवं गिरफ्तारी के लिए फरारी पंचनामा तैयार किया गया है एवं श्रीमान पु.अ. महोदय द्वारा प्रत्येक आरोपी के दस्तयाबी हेतु 5,000 रूपया का ईनाम उद्घोषित किया गया था । आरोपी बृजमोहन शुक्ला उर्फ छोटू पिता रामकलेश शुक्ला उम्र 25 वर्ष सा. करसरा थाना सिंहपुर को दिनांक 25.07.23 को गिरफ्तार किया गया था जिसकी दिनांक 26.07.23 को स्वास्थ्य खराब हो जाने सीएचसी नागौद में भर्ती कराया गया बाद रेफर होने पर जिला चिकित्सालय सतना में माननीय न्यायालय से अनुमति प्राप्त कर उपचार कराया गया जिसके स्वस्थ्य हो जाने पर आज दिनांक 28.07.23 को माननीय न्यायालय नागौद मे पेश किया गया है जिसका जेल वारंट प्राप्त होने पर उप जेल नागौद मे दाखिल कराया गया । बृजमोहन शुक्ला उर्फ छोटू पिता रामकलेश शुक्ला उम्र 25 वर्ष सा. करसरा थाना सिंहपुर उप निरी. शैलेन्द्र पटेल थाना प्रभारी सिंहपुर, उप निरी. राजेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी चौकी प्रभारी रैगांव, सायबर सेल से उप निरी.अजीत सिंह, थाना सिंहपुर से सउनि दीपक कुमार ,आर.भरत बागरी, आर.अमितेश जायसवाल ,आर्.नरेन्द्र पटेल, आर.मोहित प्रजापति,आर. शोभित सिंह,आर.पुष्पेन्द्र सिंह, ।

## गृह मंत्री अमित शाह ने मप्र विधानसभा चुनाव की रणनीति पर किया मंथन

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के दो दिवसीय प्रवास पर आए केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह को गुरुवार को सुबह भोपाल से नई दिल्ली के लिए रवाना हुए। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने यहां राजकीय विमानतल पर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह को भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा तथा सांसद वीडी शर्मा भी उपस्थित थे।

केन्द्रीय गृह मंत्री शाह बुधवार को रात आठ बजे विशेष विमान से भोपाल आए थे। उन्होंने यहां रात 8.30 बजे से 12.30 तक तक पार्टी पदाधिकारियों की बैठक लेकर मध्य प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति पर मंथन किया। भाजपा के प्रदेश कार्यालय में करीब चार घंटे चली इस बैठक में अमित शाह ने प्रदेश चुनाव प्रभारी भूपेंद्र यादव की रिपोर्ट के आधार पर सभी 230 विधानसभा सीटों के



सियासी समीकरण की जानकारी ली। इस दौरान 11 जुलाई को हुई बैठक में दिए गए टास्क का फीडबैक भी लिया। देर रात तक मंथन के बाद अमित शाह ने भोपाल के ताज लेक फ्रंट होटल में रात्रि विश्राम किया गुरुवार सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे दिल्ली रवाना हो गए। भाजपा सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अमित शाह ने प्रदेश के मालवा-निमाड़, ग्वालियर-चंबल, बुंदेलखंड, विंध्य, महाकौशल और मध्य क्षेत्र की अलग-अलग नेताओं के साथ समीक्षा की। उन्होंने ग्वालियर-चंबल को लेकर केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर और ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ अलग बात की, जबकि मालवा-निमाड़ का फीडबैक पार्टी महासचिव कैलाश विजयवर्गीय से लिया। अमित शाह ने मध्यप्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर रोडमैप लगभग तय कर दिया है। इसी के तहत पार्टी प्रदेश में चार जगहों से विजय संकल्प यात्रा निकालने जा रही है।

मुख्य यात्रा सितंबर महीने में उज्जैन से निकाली जाएगी। अभी इसकी तारीख तय नहीं हुई है। उज्जैन के अलावा ग्वालियर, चित्रकूट और जबलपुर से भी ये यात्राएं निकाली जाएंगी। इसमें प्रदेश के सभी वरिष्ठ नेता शामिल रहेंगे। इसके अलावा 16 सदस्यीय चुनाव समिति गठित की जाएगी।

## तीन दशक बाद गुरुबाजार से डलगेट मार्ग पर निकाला गया मुहर्रम का जुलूस

**श्रीनगर।** तीन दशक से अधिक के अंतराल के बाद श्रीनगर में शिया समुदाय ने गुरुवार को गुरुबाजार से डलगेट मार्ग पर मुहर्रम का जुलूस निकाला, जिसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। जम्मू-कश्मीर प्रशासन द्वारा अनुमति दिए जाने के बाद समुदाय के सदस्यों द्वारा जुलूस निकाला गया। मुहर्रम जुलूस में भाग लेने वाले लोग सुबह करीब साढ़े पांच बजे गुरुबाजार में एकत्र हुए क्योंकि अधिकारियों ने व्यस्त लाल चौक क्षेत्र से गुजरने वाले मार्ग पर जुलूस के लिए सुबह छह बजे से आठ बजे तक दो घंटे का समय दिया था। 90 के दशक में कश्मीर में आतंकवाद फैलने के बाद जुलूस नहीं निकला था। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि जब जुलूस श्रीनगर में एमए रोड से होते हुए डलगेट की ओर बढ़ा तो शोक मनाने वालों ने धार्मिक नारे लगाते हुए शांतिपूर्वक मार्च किया। कश्मीर के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने संवाददाताओं को बताया कि मुहर्रम जुलूस के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। एडीजीपी ने संवाददाताओं के सामने कहा कि शिया समुदाय की ओर से पिछले कुछ वर्षों से मांग की जा रही थी कि इस जुलूस की अनुमति दी जाए। सरकार द्वारा निर्णय लेने के बाद हमने इसके लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की। उन्होंने कहा कि 30 से अधिक वर्षों में यह पहली बार है कि मुहर्रम के 8वें दिन के जुलूस को मार्ग पर अनुमति दी गई है।



## प्रधानमंत्री मोदी की चुप्पी के कारण लाया जा रहा है अविश्वास प्रस्ताव : अधीर रंजन

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी ने कह कि मणिपुर मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संसद में बोलने को तैयार नहीं हैं। ऐसे में हमारे पास अविश्वास प्रस्ताव लाने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। चौधरी ने गुरुवार को संसद भवन परिसर में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि हम जानते हैं कि अविश्वास प्रस्ताव लाने से उनकी सरकार नहीं गिरेगी लेकिन इसके अलावा हमारे पास कोई विकल्प नहीं है। हम यही चाहते हैं कि मणिपुर मुद्दे पर प्रधानमंत्री संसद के अंदर बोलें।समाजवादी पार्टी प्रमुख व सांसद अखिलेश यादव ने कहा कि मणिपुर में जो हो रहा है, वह किसी से छिपा नहीं है। इस मुद्दे पर संसद में बात होनी चाहिए, क्योंकि मणिपुर में जो भी हो रहा है, इसकी जानकारी सरकार को



होगी। ऐसे में इस मुद्दे पर सदन में बात करना जरूरी है।कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि मणिपुर में जो हुआ, वह भयावह है। वहां 55 हजार से अधिक लोगों को घरों से विस्थापित होना पड़ा है। वहां उपजी हिंसा के कारण 149 लोग मारे गए। यह कोई छोटी समस्या नहीं है। इन समस्याओं पर विरोध जताने के लिए विपक्ष के नेताओं ने काले कपड़े पहने हैं।

कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को मणिपुर की कोई चिंता नहीं है। वह देश विदेश में जाकर लगातार भाषण दे रहे हैं लेकिन मणिपुर मुद्दे पर संसद में बोलने को तैयार नहीं हैं। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को गृह मंत्री शाह ने लोकसभा में विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष खड़गे को पत्र लिखकर मणिपुर मुद्दे पर चर्चा का अनुरोध किया था। शाह ने कहा था कि सरकार इस मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। सरकार इस मुद्दे पर कुछ भी छिपाना नहीं चाहती है।

## मणिपुर में फिर हिंसा, मोरेह में तोड़फोड़, आगजनी और गोलीबारी हुई


**इंफाल।** राज्य के टेंगनौपाल जिले के सीमावर्ती शहर मोरेह में फिर गोलीबारी और आगजनी की घटना के बाद तनाव की स्थिति बनी हुई है। कई घरों में और दुकानों में आग लगा दी गई है और लूटपाट की कोशिश की गई। संदिग्ध कुकी आतंकवादियों ने तैनात केंद्रीय अर्धसैनिक और राज्य सुरक्षा बलों की बीच मणिपुर पुलिस सूत्रों से गुरुवार को जानकारी मिली कि बुधवार को कई कुकी महिलाओं ने मैतेई समुदाय के स्वामित्व वाली दुकानों को लूटने से रोकने की कोशिश की। इस पर असम राइफल्स के जवानों ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो उग्र भीड़ सुरक्षाकर्मियों से ही भिड़ गई। गुस्साई भीड़ ने मोरेह वार्ड संख्या 6, 7, 8 और 9 में कई मैतेई घरों और दुकानों को आग लगाना शुरू



कर दिया। जिससे अन्य राज्यों के प्रवासियों की कई दुकानों को भी नुकसान पहुंचा है। पुलिस नियंत्रण कक्ष के अनुसार, भीड़ ने लगभग 15-16 घरों को जला दिया और वन गेस्ट हाउस को भी आंशिक रूप से जला दिया। झड़प के बाद संदिग्ध कुकी आतंकवादियों और सीमावर्ती शहर में तैनात केंद्रीय अर्धसैनिक और राज्य सुरक्षा बलों की टीम के बीच गोलीबारी हुई। सूत्रों के मुताबिक, देर शाम तक गोलीबारी होती रही। इस गोलीबारी में कोई हताहत नहीं हुआ।

## कश्मीर की पहचान सिर्फ खूबसूरती के लिए ही नहीं, कई संस्कृतियों और सूफीवाद के लिए भी : सिन्हा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने गुरुवार को कहा कि 30 साल से अधिक के अंतराल के बाद पहली बार श्रीनगर में मुहर्रम का जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से निकाला गया। श्रीनगर के एसकेआईसीसी में आयोजित सूफीवाद पर राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए उपराज्यपाल ने कहा कि सड़क पर होने वाली हिंसा कभी कश्मीर घाटी में एक नियमित घटना थी, जो अब नहीं है। एक समय में शटडाउन कॉल से लोग पीड़ित थे, लेकिन आज शांति कायम है और लोग स्वतंत्र रूप से सांस ले रहे हैं।उन्होंने कहा कि कश्मीर सिर्फ अपनी खूबसूरती के लिए नहीं, बल्कि कई संस्कृतियों और सूफीवाद के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि घाटी सूफियों की भूमि और सूफीवाद का केंद्र है। संस्कृति



और सभी धर्मों का सम्मान करना दशकों से कश्मीर की परंपरा रही है। सभी के साथ समान व्यवहार करना ही असली सूफीवाद और उसका संदेश है। उन्होंने कहा कि सूफीवाद झुंड को एक साथ रखता है और धर्म, जाति और लिंग की बाधाओं को तोड़ने में मदद करता है। उन्होंने कहा कि विकास के लिए शांति जरूरी है। अगर शांति नहीं है तो विकास नहीं हो सकता। इस अवसर पर उपस्थित केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि श्रद्धेय संत शेखुल आलम (आरए) की शिक्षाओं का दुनिया भर में पालन किया जा रहा है और यही कारण है कि उन्हें शेख-उल-कश्मीर नहीं शेख-उल-आलम के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कहा कि इस महान संत की शिक्षाओं का पालन करने से सूफीवाद के वास्तविक अर्थ को समझने में मदद मिलती है। इस मौके पर पुलिस के आला अधिकारी और प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। शिया नेताओं ने ऐतिहासिक फैसले के लिए उपराज्यपाल प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

## मोदी आरएसएस के कुछ चुनिंदा लोगों के प्रधानमंत्री हैं,उनका मणिपुर से कोई लेना-देना नहीं : राहुल गाँधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गाँधी ने मोदी सरकार पर मणिपुर मामले में हमला करते हुए कहा -'आपको आश्चर्य होगा कि देश के प्रधानमंत्री मणिपुर जाकर इस पर क्यों नहीं बोल रहे हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि नरेंद्र मोदी RSS के कुछ चुनिंदा लोगों के ही प्रधानमंत्री हैं। उनका मणिपुर से कोई लेना-देना नहीं है। वह जानते हैं कि उनकी विचारधारा ने ही मणिपुर को आग के हवाले किया है। राहुल गाँधी बोले RSS-BJP और कांग्रेस के बीच विचारधारा की लड़ाई चल रही है।

जहां कांग्रेस की विचारधारा- संविधान की रक्षा, देश को जोड़ने और सामाजिक असमानता के खिलाफ लड़ने की है। वहीं RSS-BJP चाहती है कि कुछ चुनिंदा लोग यह देश चलाएं और देश का सारा धन उन्हीं के हाथ में हो।

BJP-RSS सिर्फ सत्ता



चाहती है और सत्ता पाने के लिए ये कुछ भी कर सकती है।सत्ता के लिए ये मणिपुर को जला देंगे, सारे देश को जला देंगे।इनको देश के दुख और दर्द से कोई फर्क नहीं पड़ता।

## पीएम मोदी के राजस्थान दौरे से पहले गहलोत का आरोप- पीएम के कार्यक्रम से मेरा 3 मिनट का भाषण हटाया गया

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे को लेकर राजस्थान में सियासत शुरू हो गई है। आज सीकर आ रहे पीएम मोदी को लेकर सीएम अशोक गहलोत ने ट्वीट किया है। गहलोत ने लिखा- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीजी, आज आप राजस्थान पधार रहे हैं। आपके कार्यालय PMO ने मेरा पूर्व निर्धारित 3 मिनट का संबोधन कार्यक्रम से हटा दिया है, इसलिए मैं आपका भाषण के माध्यम से स्वागत नहीं कर सकूंगा। ट्वीट के माध्यम से आपका राजस्थान में तहेदिल से स्वागत करता हूं। पीएमओ ने भी इसका जवाब दिया है। सीएम गहलोत ने ट्विटर पर लिखा- आज (गुरुवार को) हो रहे 12 मेडिकल कॉलेजों के लोकार्पण और शिलान्यास राजस्थान सरकार व केन्द्र की भागीदारी का परिणाम है। इन मेडिकल कॉलेजों की परियोजना लागत 3,689 करोड़ रुपये है जिसमें 2,213 करोड़ केन्द्र का और 1,476 करोड़ राज्य सरकार का अंशदान है। मैं राज्य सरकार की ओर से भी सभी को बधाई देता हूं। मैं इस कार्यक्रम में अपने भाषण के माध्यम से जो मांग रखता वो इस ट्वीट के माध्यम से रख रहा हूं। आशा करता हूं 6 महीने में की जा रही इस सातवीं यात्रा के दौरान आप इन्हें पूरी करेंगे... राजस्थान खासकर शेखावटी के युवाओं की मांग पर अग्निवीर स्कीम को वापस लेकर सेना में परमानेंट भर्ती पूर्ववत जारी रखी जाए। राज्य सरकार ने अपने अंतर्गत आने वाले सभी को-ऑपरेटिव बैंकों से 21 लाख किसानों के 15,000 करोड़ रुपये के कर्जमाफ किए हैं।

## रसायन एवं पेट्रो रसायन क्षेत्र के लिए भी पीएलआई पर सरकार करेगी विचार : सीतारमण

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज कहा कि सरकार देश को रसायन एवं पेट्रो रसायन उत्पादो के विनिर्माण का प्रमुख केन्द्र बनाने के उद्देश्य से इस क्षेत्र के लिए भी उत्पादकता लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना पर विचार कर सकती है।

श्रीमती सीतारमण ने यहां उद्योग संगठन फिक्की द्वारा आयोजित भारत को वैश्विक रसायन एवं पेट्रो रसायन विनिर्माण का प्रमुख केन्द्र बनाने पर आधारित तीसरे सम्मेलन के शुभारंभ के अवसर पर कहा कि कठोर प्रदूषण नियंत्रण कानून एवं बढ़ते श्रम लागत के मद्देजनर रसायन उद्योग घरेलू स्तर पर बड़ा बाजार होने के बावजूद अपने उत्पादों और उत्पादन क्षमताओं में विविधता लाने की कोशिश कर रहा है जिससे भारत वैकल्पिक विनिर्माण केन्द्र बनकर रहे सके। उन्होंने कहा कि देश के बड़े घरेलू बाजार के बावजूद उन्होंने कहा कि निर्यात की अपार क्षमता है लेकिन रसायन एवं पेट्रो रसायन उत्पादों के आयात में बढोतरी हो रही है। सरकार भारत को विनिर्माण का प्रमुख वैश्विक केन्द्र बनाने की पक्षधर है और इसके मद्देनजर रसायन एवं पेट्रो रसायन क्षेत्र के लिए भी पीएलआई स्कमी पर विचार किया जायेगा।

श्रीमती सीतारमण ने कहा कि इस उद्योग को टिकाऊ उत्पाद, कार्बन उत्सर्जन, आम प्रदूषण और भूमिगत जल प्रदूषण आदि को ध्यान में रखते हुये विनिर्माण क्षकता का निर्माण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत ने वर्ष 2047 में एनर्जी इंडिपेंडेंट और वर्श 2070 में नेट जीरो देश बनने का लक्ष्य रखा है और उद्योग को भी इसी को ध्यान में रखकर



काम करना चाहिए। वित्त मंत्री ने कहा कि हरित विकास पर सरकार ध्यान केन्द्रित कर रही है। कार्बन उत्सर्जन को कम करने पर जोर दिया जा रहा है। इसके मद्देनजर प्रत्येक क्षेत्र में इसमें हिस्सेदारी करनी चाहिए। ऊर्जा दक्षमता और नवीनीकरणीय ऊर्जा के भारत के वायदे भी बहुत महत्वपूर्ण है। उद्योग को भारत के नेट जीरो के लक्ष्य को ध्यान में रखना चाहिए। हाइड्रोजन मिशन में भी तेजी आ रही है और उद्योग को भी इस पर ध्यान देना चाहिए। सरकार ने देश में उर्त्सजन को कम करने के लिए ग्रीन हाइड्रोजन विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए 19744 करोड़ रुपये के प्रोत्याहन की योजना को मंजूरी दी है।

श्रीमती सीतारमण ने चुनौतियों का उल्लेख करते हुये कहा कि टिकाद्य, रिसाइकिलिंग या चक्रीय अर्थव्यवस्था, स्किलिंग और टेक्नॉलाजी अपनाने पर उद्योग को ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि दुनियाभर की बड़ी बड़ी पेट्रो रसायन और रसायन कंपनियों भारत में निवेश करना या संयुक्त उपक्रम लगाने की संभावना तलाश रही है।

# सहरिया आदिवासी समाज के विशाल सम्मलेन का आयोजन किया गया

## मुख्य अथिति के रूप में ज्योतिरादित्य सिंधिया जी उपस्थित रहे, ग्वालियर जनसेवक मोहन सिंह राठौर ने कार्यकर्ताओं के साथ ज्योतिरादित्य सिंधिया जी का किया स्वागत







**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

आज भितरवार विधानसभा क्षेत्र के घाटीगांव में सहरिया आदिवासी समाज के विशाल सम्मलेन का आयोजन किया गया जिसमे माननीय ज्योतिरादित्यसिंधिया जी मुख्य अथिति के रूप में पधारे जिनका जनसेवक मोहनसिंह राठौर एवं भाजपा के वरिष्ठ नेत्ताओं और समस्त कार्यकर्ताओं व सहरिया आदिवासी समाज के लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। वही सहरिया समाज के समाज के लोगों ने माननीय सिंधिया जी से अपनी कई मांगे उनके सामने रखी। वही जनसेवक मोहन सिंह राठौर जी ने कहा महाराज सिंधिया जी आप पधारे सहरिया समाज के लोग आपसे बहुत खुश है और आपका बहुत आभार साथ ही मोहन सिंह राठौर जी ने भ्रष्ट लोगों पर आरोप लगते हुए कहा यह कुछ लोग सहरिया समाज के लोगों की जमीनों पर से उनको हटाने का प्रयास कर रहे है आपसे मांग है महाराज इनकी जमीनों को पूर्ण रूप से दिलाने का काम जरूर कराएं। साथ ही मोहन सिंह राठौर जी ने कहा आदिवासी समाज आपका है आपका रहेगा इस बार के चुनाव में शोषण करने बालो को सेहरिया समाज जबाब जरूर देगी। वही सबकी मांग सुनने के बाद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सभा को संबोधित करते हुए सभी सहरिया आदिवासी समाज एवं सभी भाजपा कार्यकर्ताओं का आभार जताया और कहा में अपना शोभाग्य मानता हूँ आपके बीच उपस्थित होने का अबसर मिला। सिंधिया जी ने कहा समाज कोमल ,सहनशील है लेकिन अगर बलिदान का समय आता है तो सबसे आगे खड़े मिलते है। हमारी भारतीय जनता पार्टी ने संकल्प लिया है पूरे देश के अंदर 700 एकलव्य विद्यालय बनेंगे और उन विधायालयों में 40000 शिक्षकों को भर्ती करेंगे। और सभी आदिवासी समाज के विकाश के लिए 15 हजार करोड़ की योजना बनाई जायगी। कांग्रेस की सोच तुस्तीमकरण की है भारीतय जनता पार्टी की सोच सन्तुषिकरण की सोच है।

वही इस दौरान सिंधिया जी ने सभी लोगों की समस्याओं के आवेदन सबसे प्राप्त किये और जल्द निराकरण कराने का आश्वासन दिया। सहरिया आदिवासी समाज के विशाल सम्मलेन में भारी संख्या में लोग उपस्थित हुए और महाराज सिंधिया का आभार जताया और जनसेवक श्री मोहन सिंह राठौर जी का सभी सहरिया समाज ने धन्यवाद किया इस अवसर पर लघुउद्योग अध्यक्ष श्री मती इमरती देवी जी, जिला अध्यक्ष श्री कौशल शर्मा जी, जिला पचायत अध्यक्ष श्री दिलीप रावत जी, श्री लक्ष्मीनारायण जाटव जी, श्री जनपद उपाध्यक्ष श्री जगमोहन पिजापति जी, सरपंच, जनपद सदस्य एवं समस्त कार्यकर्त्ता एवं जनसेवक साथी सम्मलित रहे।

# विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर मेरी माटी,मेरा देश का आयोजन किया गया

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर-शासकीय कमलाराजा कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय ग्वालियर में दिनांक 26 जुलाई 2023 को भारत सरकार युवा खेल मंत्रालय एवं राष्ट्रीय सेवा योजना मेरी माटी



मेरा देश वसुधा का संवर्धन वीरों का अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि जनभागीदारी अध्यक्ष श्रीमती मीना सचान एवं विशिष्ठ अतिथि सेवानिवृत सूबेदार श्री मनोज पांडे व श्री अरविंद रघुवंशी रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एम आर कौशल ने की।सरस्वती पूजन,विवेकानंद जी का पूजन एवं देश की माटी का पूजन और दीप प्रज्वलन,सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया।कार्यक्रम अधिकारी डॉ वीणा शुक्ला द्वारा अतिथियों का वाचिक स्वागत किया गया।सर्वप्रथम विशिष्ट अतिथि श्री मनोज पांडे जी ने गौरवान्वित होकर सेना में रहते हुए अपने कार्यकाल के अनुभवों को छात्राओं के साथ साझा किया साथ ही उन्होंने छात्राओं को सेना में भर्ती होने के लिए भी प्रेरित किया।मुख्य अतिथि श्रीमती मीना सचान जी ने वृक्षारोपण के बारे में बताया और देश के विकास व सुरक्षा में योगदान हेतु मार्गदर्शन दिया और समाजसेवा के क्षेत्र में तत्पर रहने के लिए कहा।श्री अरविंद रघुवंशी जी ने बताया समाज सेवा पुण्य का काम है समाज सेवा में अपना सहयोग प्रदान करने से हमें आत्म संतुष्टि प्राप्त होती है एवं डिफेंस सर्विस में योगदान करने हेतु छात्राओं को मार्गदर्शित एवं प्रेरित किया।देश के प्रति समर्पण करने हेतु छोटा सा प्रयास हमें करना चाहिए यह भी उनके द्वारा बताया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एम आर कौशल जी ने कहा कि हमने जिस देश में जिस माटी में जन्म लिया है उस देश के लिए कर्तव्यबद्ध होकर अपना निस्वार्थ भाव से सहयोग और संवर्धन करना चाहिए अपने लक्ष्य पर अपना ध्यान केंद्रित रखते हुए अपने व्यक्तित्व का विकास करना चाहिए।कार्यक्रम अधिकारी डॉ.कृष्णा सिंह द्वारा पंच प्रण की शपथ दिलाई।तत्पश्चात् शुक्रवार को विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस को ध्यान में रख कर सभी अतिथियों एवं प्राचार्य व कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा महाविद्यालय परिसर में 75 पौधारोपण कर अमृत वाटिका का निर्माण किया गया।उसमे सभी मिश्रित प्रजातियों के पौधे लगाए गए जैसे अशोक,अमरूद,नीबू,आम ,गुलमोर,कचनार,तिकोमा आदि शामिल हैं।कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी डॉ वीणा शुक्ला,डॉ कृष्णा सिंह,डॉ संगीता सोमवंशी उपस्थित रहीं।कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ जयश्री चौहान,डॉ साधना पांडे,डॉ मंजू चौरडिया,डॉ सुनीति श्रीवास्तव एवं डॉ शिशिर कश्यप ने उपस्थित रहकर छात्राओं का उत्साह वर्धन किया।कार्यक्रम का संचालन वैष्णवी मुदगल व अंत में आभार प्रकट ग्रेसी तोमर द्वारा किया गया।छात्राओं ने कार्यक्रम में उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाया ।

# गोसवेकों ने मृत गाय एवं बछिया को गोहद नगर पालिका के दरवाजे पर रखकर तालाबंदी करते हुए की नारेबाजी

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**


गोहद गौ सेवा समिति के सदस्यों द्वारा मृत गाय एवं बछिया को नगरपालिका के दरवाजे पर रखकर नगरपालिका कार्यालय की तालाबंदी करते हुए नारेबाजी की जानकारी के अनुसार गौ सेवकों ने 2 दिन पूर्व नगर पालिका सीएमओ के नाम बड़े बाबू बनवारी लाल गुप्ता को एक ज्ञापन दिया था जिसमें गायों की गौशाला में हो रही दुर्दशा को देखते हुए 7 दिन में व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की चेतावनी दी थी दिनांक 27 - 28जुलाई की रात्रि में आवारा कुत्तों ने गौशाला में घुसकर एक गाय एवं बछिया के शरीर को बुरी तरह से नोच नोच कर खा लिया था जिसकी सूचना जैसे ही गौ सेवकों को लगी गौ सेवक कुलदीप गुर्जर एवं अन्य साथियों के साथ दोनों मृत गायों को नगर पालिका लेकर पहुंचे जहां नगर पालिका कार्यालय के दरवाजे पर रखकर कार्यालय की तालाबंदी कर दी लगभग 2 घंटे तक गौ सेवकों द्वारा नगरपालिका के खिलाफ नारेबाजी की गई तत्पश्चात नगरपालिका उपाध्यक्ष पार्षद गणों ने पहुंचकर स्थिति को समझते हुए सीएमओ का प्रभार देख रहे इंजीनियर मनोज उपाध्याय से चर्चा की चर्चा के उपरांत नगर पालिका की ओर से गौ सेवकों को आश्वस्त किया गया कि वहां पर कार्य कर रही समिति को 15 दिन की चेतावनी दी गई है



यदि 15 दिन में कोई भी शिकायत मिलती है तो समिति पर कार्यवाही करते हुए जुर्माना भी वसूला जाएगा साथ ही गौशाला की देखभाल नगर पालिका द्वारा की जाएगी गौ सेवकों द्वारा लगभग 2 घंटे तक कार्यालय की तालाबंदी करके रखा इस दौरान लगभग आधा सैकड़ा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शासकीय धन के दुरुपयोग पर लगाम नहीं लगा पा रहे जिले के जिम्मेदार, जमकर हो रहा गोलमाल

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**
**शिवम तिवारी (ब्यूरो चीफ रीवा)**




**रीवा–** सरकार द्वारा ग्राम पंचायत स्तर से लेकर शहर स्तर पर विकास कार्यों के लिए भेजे जा रहे अरबों खरबों रुपए जमीनी धरातल में भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ रहा है। परंतु क्षेत्र के अधिकारी व जिला प्रशासन होने वाले बंदरबांट को रोक नहीं पा रहा है। ताजा मामला रीवा जिले के त्योंथर जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत अतरैला 12 से आया है। जहां चिल्ला खुर्द स्थित तीन से चार वर्ष पूर्व शासकीय धन का उपयोग कर विद्यालय संचालन हेतु बनाया गया भवन आज तक संचालित नहीं हो सका है। यहां दो कमरे व एक हॉल का निर्माण करवाया गया है। निर्माण के पश्चात अनदेखी होने की वजह से वर्तमान में विद्यालय भवन अतिक्रमण और खंडहर में तब्दील होता जा रहा है। आरोप है कि आधे अधूरे कार्य नहीं पैसा हजम कर लिया गया है। जिसमें कहीं ना कहीं जनपद के अधिकारियों की भी घोर लापरवाही है। बता दे कि नए भवन के बगल में पुराना भवन भी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्तमान समय में विद्यालय करीब दो किलोमीटर दूर सामुदायिक भवन में चल रहा है। स्थानीय लोगों ने विद्यालय का संचालन करवाने और लापरवाही करने वाले जिम्मेदारों पर कार्यवाही की मांग उठाई है।

# नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविन्द सिंह ने एआईसीसी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से भेंट की

## डॉ सिंह ने राज्य में भाजपा सरकार के कुशासन के संबंध में एआईसीसी चीफ को अवगत कराते हुए आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर की चर्चा

**पंकज त्रिपाठी स्टेट हेड**
**पुष्पांजली टुडे**



भोपाल । मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविन्द सिंह ने नई दिल्ली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से भेंट कर प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान की सरकार के कुशासन, भ्रष्टाचार, महंगाई एवं बेरोजगारी आदि के संबंध में सिलसिलेवार पूरी जानकारी दी । श्री खड़गे से डॉ. सिंह ने आगामी मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव 2023 को लेकर भी चर्चा की नेता प्रतिपक्ष ने राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री खड़गे से मध्यप्रदेश में अधिक से अधिक समय देने का अनुरोध भी किया श्री खड़गे ने आश्वस्त किया कि वे मध्यप्रदेश में अधिक से अधिक समय देंगे ।

पुष्पांजली टुडे
आम सूचना / कोर्ट नोटिस
साइज फिक्स रूपये
8×4 cm 1120
10×4 cm 1400
12×4 cm 1680
अन्य साइज 50/- sq.cm.
बुकिंग के लिए संपर्क करें
0751-4050784
8269307478

पुष्पांजली टुडे
गुमशुदा / खोया -पाया
नाम परिवर्तन
साइज फिक्स रूपये
8×4 cm 1050
अन्य साइज 50/- sq.cm.
बुकिंग के लिए संपर्क करें
0751-4050784
8269307478

उपलब्ध हैं।
फाइनेंस / लोन / होम लोन
ग्वालियर मुरैना बामोर गोहद मालनपुर डबरा इत्यादि जगह में आप मकान खरीदने ओर प्लॉट खरीद कर मकान बनाने के लिए लोन के हैं जरुरत तो करें हमसे संपर्क।
संपर्क करें
07974596469

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478